इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -104 राजनांदगांव, बुधवार 28 फरवरी 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

केंद्र मार्च के पहले हफ्ते से लागू कर सकता है सीएए के नियम, पोर्टल हुआ तैयार - सूत्र

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून मार्च के पहले हफ्ते से लागू होगा, सरकार के सूत्रों के मुताबिक़ अगले महीने के पहले सप्ताह में सीएए के नियम लागू किए जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक़ मार्च के पहले हफ़्ते या इसके बाद किसी भी दिन सीएए के नियम लागू कर दिए जाएंगे, नियम लागू होने के साथ ही सीएए क़ानून लागू हो जाएगा।

मुस्लिम भाईयों को गुमराह किया जा रहा

केंद्र ने नागरिकता कानून का उद्देश्य स्पष्ट किया, सरकार में उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया है कि सीएए लागू करने के लिए बाक़ायदा पोर्टल तैयार कर लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी. आवेदकों को वो वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था, आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। सीएए क़ानून यानी नागरिकता संशोधन क़ानून 2019 तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान, बांग्लादेश के उन अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने के लिए रास्ता खोलता है, जिन्होंने लंबे समय से भारत में शरण ली हुई है। इस क़ानून में किसी भी भारतीय चाहे वो किसी भी मज़हब का हो, उसकी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं हैं। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शनिवार को कहा था कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने के नियम आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जारी कर दिए जाएंगे और लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। अमित शाह ने कहा, सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी, इसे चुनाव से पहले जारी किया जायेगा. इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृह मंत्री ने कहा, जब विभाजन हुआ तो हिंदू, बौद्ध, ईसाई सभी वहां धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने के बाद भारत आना चाहते थे. उन्होंने (कांग्रेस नेताओं ने) इन लोगों को नागरिकता देने का वादा किया था और कहा था कि आप सभी का स्वागत है, लेकिन (कांग्रेस) नेता अपने बयान से पीछे हट गये। गृह मंत्री ने कहा कि वो ये स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है. उन्होंने कहा, हमारे मुस्लिम भाइयों को सीएए के मुद्दे पर भड़काया जा रहा है। सीएए के जरिये किसी की नागरिकता नहीं छीनी जा सकती है, क्योंकि इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं, इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए। दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के दौरान बड़ा उलटफेर, कांग्रेस के पास 68 में से 40 विधायक, फिर भी जीत गई भाजपा

शिमला। हिमाचल प्रदेश की एक राज्यसभा सीट के लिए मंगलवार को मतदान हुआ। राज्य में बड़ा उल्टफेर देखने को मिला। बीजेपी उम्मीदवार हर्ष महाजन और कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को बराबर के वोट मिले। दोनों ही उम्मीदवारों को 34-34 मत मिलने के बाद पर्ची से चयन किया गया। जिसमें भाजपा के प्रत्याशी हर्ष को जीत मिली।

भारी बहुमत के बावजूद कांग्रेस हारी

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि इतना भारी बहुमत होने के बावजूद कांग्रेस हार गई। मैं हर्ष महाजन को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इस जीत को देखते हुए सीएम को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। एक साल के अंदर ही विधायकों ने उनका साथ छोड़ दिया है।

बीजेपी लाएगी अविश्वास प्रस्ताव

बुधवार को बीजेपी सदन में कांग्रेस के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करेगी। 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के पास विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन के साथ स्पष्ट बहुमत है। विपक्षी भाजपा के पास 25 विधायक हैं।

9 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की

कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी ने हर्ष महाजन को जीत की बधाई दी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जब किसी ने अपना ईमान बेच दिया। 9 क्रॉस वोटिंग हुई। उनमें तीन निर्दलीय विधायक थे, लेकिन 6 ने अपना ईमान बेच दिया और अभिषेक सिंघवी के खिलाफ वोटिंग की। सीएम ने कहा, राज्य की जनता इस संस्कृति की आदि नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि जब विधानसभा सत्र चलेगा तो हम देखेंगे।ल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष का साय सरकार पर आरोप, 'धान का कटोरा बना अपराध गढ़'

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को जबरदस्त हंगामा हुआ. बीजेपी की नेतृत्व वाली विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ कांग्रेस विधायकों ने मोर्चा खोला दिया. विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर साय सरकार को घेरने में जुटा रहा.

कांग्रेस का आरोप है कि साय सरकार के शासनकाल में कोई भी लोग राज्य में सुरक्षित नहीं है. शून्यकाल में कांग्रेस विधायकों ने स्थगन प्रस्ताव का नोटिस देते हुए कानून व्यवस्था पर चर्चा की मांग की जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने अस्वीकार कर दिया. जिसके बाद सदन में लगातार हंगामा होता रहा. सदन की कार्यवाही को दो बार स्थगित करना पड़ा. कांग्रेस विधायकों को भी सदन के वेल में आने की वजह से निलंबित कर दिया गया.

कांग्रेसी नेताओं ने बोला हमला

साय सरकार पर नेता प्रतिपक्ष और अन्य कांग्रेस विधायकों ने हमला बोला. इन विधायकों में कवासी लखमा, उमेश पटेल और अनिला भेड़िया मुख्य रूप से शामिल है. कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में अपहरण, हत्या और महिला के खिलाफ अपराध की घटनाएं बढ़ी है. कांग्रेस विधायकों ने कहा कि छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' कहा जाता था. अब यह अपराध गढ़ बन गया है. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग भी है. उनके गृह जिले कबीरधाम में हत्या की लगातार तीन घटनाएं हुईं. इसलिए हम स्थगन प्रस्ताव के तहत चर्चा की मांग करते हैं।

विपक्ष की मांग को विस अध्यक्ष ने किया खारिज

कांग्रेस विधायकों की मांग को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खारिज कर दिया. जिसके बाद सदन में नारेबाजी और हंगामा होता रहा. हंगामे के बीच स्पीकर ने कार्यवाही को लगातार दो बार पांच-पांच मिनट के लिए स्थगित किया. उसके बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई. विपक्ष के नेता चरणदास महंत और अन्य विपक्षी सदस्य अपनी मांग उठाते रहे. फिर विपक्षी विधायक सदन के वेल में आ गए जिससे वह खुद ही निलंबित हो गए. बाद में विपक्षी विधायकों का विधानसभा की कार्यवाही के दौरान साय सरकार पर विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर हमलावर दिखी.

बीजापुर नक्सल एनकाउंटर में मारे गए चारों नक्सलियों की नहीं हुई पहचान

बीजापुर। बीजापुर में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन को तेज रफ्तार दे दी है, खुफिया इनपुट के आधार पर जांगला थाना क्षेत्र के बड़े तुंगाली और छोटे तुंगाली में सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन चलाया। नक्सली लीडर जनताना सरकार के अध्यक्ष और भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 20 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जैसे ही सिक्योरिटी फोर्स की टीम बड़े तुंगाली और छोटे तुंगाली में पहुंची. नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई।

मात्रा में हथियार बरामद

एनकाउंटर में चार नक्सली ढेर

इस एनकाउंटर में चार नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया, मौके से हथियार और विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि यहां नक्सली लीडर डेरा जमाए हुए हैं, इस खुफिया सूचना में यह पता चला कि पश्चिम बस्तर डिविजन के कंपनी नम्बर 2 के प्लाटून कमाण्डर प्रशांत, माटवाड़ा एलओएस कमांडर अनिल पूनेम और भैरमगढ़ एरिया जनताना सरकार अध्यक्ष राजेश की मौजूदगी है. इसके साथ ही पुलिस को यह भी इनपुट मिला था कि यहां 40 से 50 नक्सली हैं. ये सारी सूचनाओं के आधार पर सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया, इस अभियान में डीआरजी, बस्तर फाइटर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम शामिल रही. जैसे ही टीम बड़े तुंगाली और छोटे तुंगाली के बीच पहुंची मुठभेड़ होने लगी. सुरक्षाबलों और नक्सलियों की तरफ से फायरिंग की गई. जिसमें चार नक्सली ढेर हो गए।

चार नक्सलियों के शव बरामद

मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्चिंग अभियान चलाया गया, इस सर्चिंग अभियान में चार नक्सलियों के शव मिले हैं, चारों नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस इनकी पहचान कर रही है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राज्यसभा चुनाव- कर्नाटक में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार जीते, भाजपा गठबंधन को मिली एक सीट

बेंगलुरु। कर्नाटक में आज हुए राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीटें जीत ली है. वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक सीट मिली है, उच्च सदन के लिए कांग्रेस से निर्वाचित हुए सदस्यों में अजय माकन, जी सी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन शामिल हैं. वहीं भाजपा के नारायणसा के. भांडगे भी जीत के बाद राज्यसभा जाएंगे।

चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई. भाजपा विधायकों में से एक, एस टी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया. भाजपा नेताओं ने कहा कि सोमशेखर ने कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया और कहा कि पार्टी उनसे निपटने के लिए कानूनी विकल्प तलाशेगी। सोमशेखर भाजपा से नाराज हैं और पार्टी के खिलाफ बगावती रुख अपनाए हुए थे।

नेता प्रतिपक्ष आर अशोक ने कहा, हमें जानकारी मिली है कि सोमशेखर ने क्रॉस वोटिंग की है. मेरा मानना है कि लोग बार-बार धोखा देने को पसंद नहीं करते. सोमशेखर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे और मंत्री (भाजपा सरकार में) के रूप में कार्य किया था और उन्हें मैसूरु जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया था। अशोक ने सोमशेखर के फैसले को राजनीतिक आत्महत्या करार दिया।

यूपी राज्यसभा चुनाव के परिणाम घोषित, 8 सीटों पर भाजपा, 2 सीटों पर सपा प्रत्याशी विजयी

नई दिल्ली। राज्यसभा के लिए उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर हुए चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। राज्यसभा चुनाव में यूपी से बीजेपी के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वहीं, दो सीटों पर सपा प्रत्याशी विजयी हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव में जीतने वाले बीजेपी के सभी प्रत्याशियों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश से राज्य सभा के द्विवार्षिक चुनाव में विजयी होने वाले बीजेपी के सभी सम्मानित प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र गांधी के नेतृत्व में आप सभी अंत्योदय के प्रण और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में सहायक होंगे। आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, आज हमारे सभी आठों प्रत्याशी जीते हैं। मैं सभी को बधाई देता हूं और सपा के भी दो प्रत्याशी जीते हैं तो उन्हें भी मैं बधाई देता हूं।

भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

यूपी की 10 राज्यसभा सीटों में से 8 सीटें जीतने के बाद उत्तर प्रदेश भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में जश्न मनाया।

राज्यसभा चुनाव में मिले वोट

सुधांशु त्रिवेदी- 38 वोट
आरपीएन सिंह- 37
तेजवीर सिंह- 38 वोट
नवीन जैन- 38 वोट
रामजी लाल- 37 वोट
साधना सिंह- 38 वोट
संगीता बलवंत - 38 वोट
अमरपाल मौर्य- 38 वोट
आलोक रंजन- 19 वोट
जया बच्चन- 41 वोट

भूपेश सरकार में संचालित शराब दुकानों की जांच करेगी छत्तीसगढ़ की साय सरकार, मंत्री ने सदन में की घोषणा

रायपुर। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार भूपेश बघेल सरकार के दौरान राज्य में संचालित शराब दुकानों की जांच करेगी। मंत्री ने मंगलवार को सदन में इसकी घोषणा की। दरअसल, छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के 16वें दिन मंगलवार को भाजपा विधायक राजेश मूणत ने भूपेश बघेल सरकार में शराब बिक्री और नीति पर सवाल उठाए और गड़बड़ी के आरोप लगाए।

भाजपा विधायक मूणत ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने शराब के प्रकरण बनाएं, लेकिन इस मामले में किसी को जेल नहीं भेजा। उन्होंने कहा, दुकानों के भीतर दो प्रकार की शराब बिक्री हुई। सरकारी दुकानों में नियमों के खिलाफ शराब बिकी, लेकिन प्लेसमेंट एजेंसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पांच साल में मिलावटी शराब के 157 प्रकरण में केवल दो को जेल भेजा गया है।

विधायक मूणत ने पूछा, 568 दुकानों में रेट से ज्यादा कीमत पर शराब बेची गई। आपने क्या किया? 2019-20 में सरकार के राजस्व की हानि हुई है। मैं मंत्री जी से मांग करता हूं कि क्या इस पर जांच कराएंगे। राजेश मूणत ने कहा, मंत्री जी ईडी इस मामले की जांच कर रही है। वह अलग मामला है। क्या छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व लूटने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होगी? मंत्री ने जवाब देते हुए कहा, हमने प्लेसमेंट एजेंसी के 500 लोगों को नौकरी से निकाला। राजेश मूणत ने पूछा, मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जिस कंपनी के 500 से ज्यादा कमर्चारी निकाले गए उस कंपनी के खिलाफ कोई क्यों नहीं की गई ?

भाजपा के विधायकों ने मंत्री से कहा, सरकार के राजस्व में डाका डालने वालों को आप क्यों बचा रहे हैं। राजेश मूणत पूछा, क्या वह प्लेसमेंट एजेंसी अभी भी काम कर रही है। मंत्री जी ने कहा, हां। भाजपा के विधायक खड़े हुए। सभी ने अपने ही सरकार के मंत्री से जांच की मांग पर अड़ गए। काफी दबाव के बाद मंत्री ने जांच की घोषणा की।

पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट का कटेंप्ट नोटिस-बीमारी ठीक करने का दावा करने वाले विज्ञापनों पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापनों पर रोक लगा दी है। दरअसल, कोर्ट ने पिछले साल कंपनी को ऐसे विज्ञापन नहीं देने का निर्देश दिया था। कंपनी ने इसे नजरअंदाज किया। इस पर कोर्ट ने कंपनी और मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण को अवमानना नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया। केस की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी।

कोर्ट ने कहा- पतंजलि भ्रामक दावे करके देश को धोखा दे रही है

जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने कहा- पतंजलि भ्रामक दावे करके देश को धोखा दे रही है कि उसकी दवाएं कुछ बीमारियों को ठीक कर देंगी, जबकि इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं है। पतंजलि ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) एक्ट में बताई गई बीमारियों के इलाज का दावा करने वाले अपने प्रोडक्ट्स का विज्ञापन नहीं कर सकती।

कोर्ट ने सरकार से पूछा- आपने पतंजलि पर क्या कार्रवाई की

कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पतंजलि के विज्ञापनों के खिलाफ ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम 1954 के तहत क्या कार्रवाई की गई है। केंद्र की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस बारे में डेटा इकट्ठा किया जा रहा है। कोर्ट ने इस जवाब पर नाराजगी जताई और कंपनी के विज्ञापनों पर नजर रखने का निर्देश दिया।

कोर्ट के आदेश के बाद भी पतंजलि ने जारी किए विज्ञापन

आईएमए ने दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में प्रिंट मीडिया में जारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

देश के युवाओं की दुश्मन बन गई है मोदी सरकार : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार को युवा विरोधी करार देते हुए कहा है कि नौकरियां देने वाली कंपनियां बेची जा रही हैं और सरकारी नौकरियों में भर्ती के पेपर लीक की घटनाओं से साफ हो गया है कि मोदी सरकार 'देश के भविष्य' की दुश्मन बन गई है।

श्री गांधी ने कहा, मोदी सरकार 'देश के भविष्य' की दुश्मन बन गई है। कहीं भर्ती के लिए तरसते छात्र, कहीं पेपर लीक से हताश छात्र, कहीं नियुक्ति के लिए कोर्ट का चक्कर काटते छात्र तो कहीं आवाज़ उठाने पर लाठियों की मार सहते छात्र। उन्होंने कहा आरओ-एआरओ से लेकर पुलिस भर्ती तक और रेलवे से लेकर सेना तक एक भी परीक्षा न्यायपूर्ण ढंग से करा पाने में नाकाम भाजपा सरकार अपना गुस्सा युवाओं पर निकाल रही है।नौकरी पैदा करने वाले संस्थान अपने मित्रों को बेच कर युवाओं को ठेके पर रखना, मोदी की पॉलिसी है और शोषण मोदी की गारंटी।

कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार छात्रों और उनके परिवारों के सपनों पर लगा ग्रहण है जिसने उनसे उम्मीदों की रौशनी छीनी है। इस अपराध के लिए इतिहास नरेंद्र मोदी को कभी माफ नहीं करेगा।

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की मां का 91 साल की उम्र में निधन

रायपुर। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की मां पिस्ता देवी का 91 साल की उम्र में निधन हो गया. उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की मां लंबे वक्त से बीमार चल रही थीं. पिस्ता देवी के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शोक जताया है. कैबिनेट के बाकी मंत्रियों ने भी बृजमोहन अग्रवाल को फोन कर उनकी मां के निधन पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

लोकसभा के लिए सांसद संतोष पांडे होंगे रिपीट ?

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों जिले के सांसद संतोष पांडे की राजनांदगांव में सक्रियता देखे ही बन रही है। 26 फरवरी को नांदगांव रेल्वे स्टेशन में यहां के कायाकल्प के लिए मोदी जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 25 करोड़ रूपए के निर्माण कार्य के लिए रखे गए वर्चुअल आधारशिला में मौजुद रहे। उनकी ओजपूर्ण गरिमामय संबोधन भी हुआ। इसी तरह विकसित भारत योजना में उनकी सक्रियता पूर्ण उपस्थिति व जगह-जगह हो रहे निर्माण कार्य के आयोजन में मौजुदगी सहित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए उनके द्वारा दी जा रही स्वीकृति इस बात की गवाही दे रहा है कि वे आसन्न लोकसभा चुनाव में फिर से भाजपा की ओर से सांसद के प्रत्याशी होने वाले है।

इस बात की मुहर इन दिनों पूरे जिले भर में चल रहे उनके नाम का वाल लेखन कार्य भी लगा रहा है। सांसद श्री पांडे को फिर से राजनांदगांव लोकसभा की टिकट मिलने की भनक मिलते ही सांसद पांडे के शुभचिंतक व समर्थकों सहित भाजपा कार्यकर्ता उनके प्रत्येक कार्यक्रम में हुजुम के रूप में नजर आने लगे है।

◦ वाल लेखन कार्य धड़ल्ले से जारी
◦ ऊपर से पांडे को मिला निर्देश... चुनाव प्रचार में जुट जाएं

रिपीट होंगे श्री पांडे

सूत्रों की माने तो राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद संतोष पांडे के रिपीट होने की खबरे अखबारों से लेकर राजनीतिक क्षेत्रों में तैरती रहती थी। सोशल मीडिया के सर्वे में भी राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से लोकप्रियता के पैमाने पर श्री पांडे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के बाद दूसरे नम्बर पर रहे। वही पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का नम्बर तीसरा रहा। इससे भी सांसद पांडे की लोकप्रियता घटते नजर नहीं आई थी। उपर से सांसद पांडे के लिए प्लस पांइट का काम संसद में क्षेत्र से सम्बंधित प्रश्न जोरदार तरीके से उठाने व सबसे ज्यादा सांसद निधि खर्च करने वाले नेताओं में पहले नम्बर पर शुमार रहने ने किया है। इसमें उनकी लोकप्रियता का पैमाना निश्चित बढ़ा हुआ देखा जा रहा है।

वैसे भी कवर्धा निवासी वर्तमान सांसद संतोष पांडे का संघ और संगठन में मजबूत पकड़ होने से विधानसभा चुनाव में उनकी अहम भूमिका रही है। हालांकि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा से सांसद पद के प्रत्याशी के रूप में मधुसूदन यादव व अभिषेक सिंह, नीलू शर्मा, कमल सोनी आदि के नाम की चर्चा है। उसमें सर्वाधिक चर्चा वर्तमान सांसद संतोष पांडे जी का है। सौम्य व्यवहार के धनी, ज्ञानी-गुणी एवं मृदु भाषी श्री पांडे पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के भोलाराम साहू को एक लाख 10 हजार मतों से पटखनी दी थी। संभवतः पार्टी ने उनको फिर से रिपीट करने का मन बना लिया। यही वजह है कि श्री पांडे अपने लोकसभा क्षेत्र में विशेष सक्रियता दिखाकर अपनी दावेदारी की मजबूती का अपने क्रिया कलापों से इजहार कर रहे है।

धडल्ले से जारी वाल लेखन कार्य

कहा जाता है कि आग लगने पर ही धुंआ उठता है। वर्तमान सांसद संतोष पांडे को संभावतः उपर से निर्देश मिलने पर ही वे धडल्ले से वाल लेखन कार्य शुरू करवा दिए है। बताया जाता है कि गंडई से लेकर राजनांदगांव शहर व जिले के गांवों में ढाई सौ से ज्यादा वाल लेखन का कार्य हो चुका है। कमल के निशान सहित हर-हर मोदी- घर-घर मोदी का नारा दिवालों में लिखे दिखाई पड़ रहा जिसके विनित में बकायदा संतोष पांडे सांसद का नाम अंकित है। अबकी बार 400 पार की स्लोगन के साथ संतोष पांडे सांसद रा.ना.गां. लोकसभा का नाम स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है जिससे लोगों को लगभग विश्वास हो चला कि आसन्न लोक सभा के प्रत्याशी वर्तमान सांसद संतोष पांडे होंगे.

मोदी की गारंटी जन-जन तक पहुंच रही- राकेश चन्द्राकर

केन्द्र में पिछड़ा वर्ग के सर्वाधिक मंत्री बनाकर समाज गौरव बढ़ा, मोर्चा के कार्यकर्ताओं की मेहनत से 11 लोस सीट जीतेगी भाजपा, दुर्ग संभागीय भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यसमिति बैठक आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। दुर्ग संभागीय भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की संभागीय कार्य समिति बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय राजनांदगांव में सोमवार को किया गया। उक्त आयोजन की तैयारी जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर एवं संगठन गीत के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव वर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा का अधिक से अधिक विस्तार किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए डटकर कार्य करने के लिए अपील की। प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में पिछड़ा वर्ग में आने वाले समाज को सम्मान देते हुए सर्वाधिक पिछड़ा वर्ग में आने वाले सांसदों को मंत्री बना कर समाज का गौरव बढ़ाया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राकेश चंद्राकर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा पूरे 11 के 11 सीट जीतेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी योजना पूरे देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। उन्होंने मोर्चा के कार्यकर्ताओं को कहा कि राष्ट्र सेवा ही हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत 11 लोकसभा सीट जीतकर दिखेगा।

पिछड़ा वर्ग में आने वाली ऐसी जातियां जिनकी जनसंख्या प्रदेश में कम हैं, उनकी सहभागिता व महत्व को बढ़ाने के लिए प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सम्मेलन कर समाज प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष अंबिका चंद्रवंशी, खिलावन साहू, प्रदेश मंत्री अशोक सिन्हा, मनोज गुप्ता, होरी लाल सिन्हा, देवदत्त साहू, श्रीमती तुलसी साहू, प्रदेश कार्यालय मंत्री चूड़ामणी निर्मलकर, सहायक कार्यालय प्रभारी भगवान यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी छगन साहू, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रवण यदु, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नरेन्द्र निर्मलकर, सुमन कन्नौजे, वीणा चन्द्राकर, मंजुसा साहू, जिला प्रभारी जगदीश देशमुख सहित जिला अध्यक्ष बालोद जितेन्द्र साहू, खैरागढ़ हर्ष प्रसाद वर्मा, भिलाई सुन्दर साहू, दुर्ग रूपनारायण सिन्हा, कवर्धा जय प्रकाश कौशिक आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की तैयारी जिला अध्यक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में जिला महामंत्री राजेश बिसने, दिलीप साहू एवं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन निशा श्रीवास ने किया। उक्त जानकारी जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर ने दी।

पहला कॉलम...

नि:शुल्क एसोसिएट डेटा एण्ट्री आपरेटर कोर्स के लिए 5 मार्च तक पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेण्ड्री राजनांदगांव में पंजीकृत एसोसिएट डेटा एण्ट्री आपरेटर कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राचार्य आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि एसोशिएट डेटा एण्ट्री आपरेटर कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक एवं पात्र हितग्राही 5 मार्च 2024 तक संस्था में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संस्था से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं।

महाशिवरात्रि पर्व पर मंडई

नाग नागिन रक्षा रूप में साक्षात विराजमान

राजनांदगांव (दावा)। महाशिवरात्रि पूजा अर्चना दिनांक 08 मार्च को जय माँ अष्टंगी चरण पादुका शक्तिपीठ मंदिर में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि में नागदेव नागिन देवी शिवलिंग रूद्राक्ष माला तुलसी माला की विधि विधान से गंगा जल दूध दही घी प्रकृति जड़ी बूटी जल अभिषेक कर बेल पत्र धतुरा फुलहर ब्रम्ह मुर्हुत 4 बजे से सुबह 6 बजे तक हवन पूजा महाआरती 56 प्रकार का भोग लगाया जायेगा। नि:शुल्क भी तुलसी कण रूद्राक्ष माला दिये जायेंगे। महाशिवरात्रि दिनांक 08.03.2024 को मेला मंडई रखा गया है। पेण्ड्री गोठान से घ्वजा पटाका राऊत नाचा व कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी। चौक चौराहों से प्रमुख मार्ग को होते हुए जमाही पुल रेल्वे लाईन माह अष्टंगी चरण पादुका मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की जायेगी। दोपहर 01 बजे से शाम 5 बजे तक सेवा जस जगराता कार्यक्रम रखा गया है हर श्रद्धालु से अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आप सभी सादर आमंत्रित है। यह जानकारी सुदामा ठाकुर ने दी।

श्रीमती सरला त्रिपाठी का निधन

छुरिया (दावा)। स्वर्गीय एस.के त्रिपाठी की धर्मपत्नी व भाजपा नेता मनीष त्रिपाठी की मां श्रीमती सरला त्रिपाठी उम्र 79 वर्ष का ग्राम गैंदाटोला में मंगलवार सुबह 4 बजे स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज बुधवार सुबह 11बजे किया जाएगा।

कृष्णकांत मिश्रा का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नागरिक कृष्णकांत मिश्रा (रिटायर्ड रेल्वे लोको पायलट) का पिछले दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम दिखपुर (प्रयागराज उत्तरप्रदेश) में 25 फरवरी को किया गया। वे डोंगरगढ़ राजस्व कार्यालय में पदस्थ आर आई शिवेंद्र मिश्रा के पिता थे।

घर-घर पानी समय पर मिले यह हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी - कलेक्टर

◦ जल जीवन मिशन के अंतर्गत आगामी ग्रीष्मकाल के पहले हर घर पानी उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
◦ पेयजल की जनसामान्य में समस्या होने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों के संबंध में कान्ट्रेक्टर्स की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घर-घर पानी समय पर मिले यह हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल कहा कि जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके तहत घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखकर जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यों को स्वीकृत किया गया है। इनमें से कुछ कार्य प्रारंभ और प्रगतिरत है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों से कहा कि प्रगतिरत एवं स्वीकृत कार्यों को पूरा कर आगामी ग्रीष्मकाल के पहले स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने मार्च माह तक स्वीकृत सभी कार्यों को पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, यह जनहितकारी कार्य है। इसे प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे आगामी ग्रीष्मकाल में किसी को भी पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेयजल के संबंध में जनसामान्य में समस्या होने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसे ब्लैक सूची एवं अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन कान्ट्रेक्टर्स एवं ठेकेदार ने कार्य शुरू नहीं किया है वे शीघ्र शुरू कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सूचित करें। एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने इन कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता, निर्धारित मात्रा एवं निर्धारित मापदण्डों का पालन सुनिश्चित करते हुए पूरा करें। इसके साथ ही साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समन्वय की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि किसी गांव में पेयजल की उपलब्धता के लिए कोई दिक्कत आ रही है तो फिल्ड में विजिट कर कार्य को पूरा करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य जहां पूरे हो गए है, वहां विद्युत कनेक्शन के लिए त्वरित कार्रवाई कर जल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी स्वीकृत कार्यों की बारी-बारी समीक्षा की। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समीर शर्मा, क्रेडा विभाग की श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी एसडीओ, उप अभियंता एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

नवीन राशन कार्ड वितरण कार्य स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। शासन आदेशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डो का नवीनीकरण कर वार्डो में वितरण किया जा रहा था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। राशन कार्डो को व्यवस्थित कर पुनः वार्डो में अतिशीघ्र वितरण किया जावेगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण की मोबाईल वेन तीन दिनों तक रही शहर में शिविर के माध्यम से वार्डवासियों ने केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में भारी तादात में लाभ लेने ली जानकारी, लाभार्थियों ने किया अनुभव साझा।

शा. पूर्व माध्यमिक शाला चिखली में करवाया गया न्योता भोजन

राजनांदगांव (दावा)। न्योता भोजन, कहते हैं ना अच्छा आहार , जीवन का आधार। इसी तारतम्य् में बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य हेतु प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में नेता भोजन की परंपरा की शुरूआत किया गया है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध व तालमेल स्थापित करना है, न्योता भोजन में शाला परिवार व समाज के गणमान्य नागरिकों के द्वारा बच्चों को पोषण आहार प्रदान किया जाना है, जिससे बच्चों को एमडीएम के साथ-साथ अन्य पोषक आहार प्राप्त हो। न्योता भोजन कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 26 फरवरी दिन सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिखली में शाला परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं प्रधान पाठक श्रीमति प्रतिभा भारद्वाज, सुशीला ठाकुर, रागिनी श्रीवास्तव, आभारानी श्रीवास्तव, करुणा शांकरे, चन्द्रावली साहू, इंद्रकुमार सिन्हा, कम्प्यूटर शिक्षिका धनेश्वरी साहू द्वारा न्योता भोजन में केला, संतरा, अंगूर, मिठाई, बड़े व पापड़ सामूहिक रूप से खिलाया गया। साथ ही साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभ आशीष भी प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मांग सजा दे सजना' 1 मार्च से प्रदेश के 11 सिनेमाघरों में

राजनांदगांव (दावा)। बैगा ग्रुप राजनांदगांव की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी फिल्म मांग सजा दे सजना आगामी 1 मार्च को छत्तीसगढ़ के 11 सिनेमा घरों में प्रदर्शित होगी।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए फिल्म के निर्माता राजेश मारू ने बताया की फिल्म उनकी यह फिल्म मांग सजा दे सजना एक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें दर्शकों को इमोशन, एक्शन, सस्पेंस और कॉमेडी के साथ सुमधुर छत्तीसगढ़ी गीत सुनने का अवसर मिलेगा। इस फिल्म में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को भी साकार करने का प्रयास किया गया है ।

फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार जीत शर्मा, श्रेया पारकर, चेतन शर्मा, सृष्टि देवांगन, चंद्रहास बघेल, मुकेश पिपरिया, नवीन देशमुख, कमलेश सिमनकर, तेजराम देवांगन, दिलीप वैष्णव, विनोद गौतम और शीतल रामटेके के साथ स्थानीय मंझे हुए कलाकारों ने सहभागिता की है । फिल्म का निर्देशन रोहित चंदेल ने किया है । सह निर्देशक मुकेश चंदेल हैं। फिल्म के गीत सुप्रसिद्ध गीतकार हर्ष कुमार बिंदु और कन्हैया आजाद ने लिखा है। फिल्म का संगीत श्यामलेंदू हाजरा, तरूण गड़पायले और सौरभ महतो का है। फिल्म के नृत्य निदेशक चंदन दीप हैं । छायांकन और संपादन वासु का है। फिल्म के गीतों को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक विनोद वर्मा, श्रीमती कविता वासनिक, सुनील सोनी, मुनमुन चक्रवर्ती, देविका, चंपा निषाद, क्रांति कार्तिक और गीतांजलि साहू ने स्वर दिया है। इस फिल्म का बैकग्राउंड संगीत सूरज महानंद ने दिया है। साउंड नीरज वर्मा का है। प्रचार प्रसार सहयोगी यू ट्यूब चैनल सुंदरानी वीडियो है।

युवा वर्ग को ध्यान में रखते हुए फिल्म में एक आइटम सांग भी रखा गया है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ की हसीन वादियों में फिल्माई गई है। फिल्म के निर्माता श्री मारू ने बताया कि इस मनोरंजक फिल्म में दर्शकों को वह सब देखने को मिलेगा जिसके वे आकांक्षी हैं। फिल्म में किसकी मांग सजेगी और कौन मांग सजाएगा, यह सिनेमाघर में जाने के बाद ही दर्शकों को पता चलेगा। फिल्म के निर्माता राजेश मारू ने बताया की यह फिल्म एक मार्च से श्री कृष्णा टाकीज राजनांदगांव, कृष्णा मेट्रो सक्ति, चंद्रा टाकीज भिलाई, अप्सरा टाकीज दुर्ग, प्रभात टाकीज रायपुर, विनय टाकीज बालोद, देव श्री टाकीज धमतरी, शिव टाकीज बिलासपुर, निहारिका टाकीज कोरबा और पद्मिनी सिनेप्लेक्स चांपा में प्रदर्शित होगी।

राजू वर्मा बजरंग सेना के जिला उपाध्यक्ष, अशोक निर्मलकर बने महामंत्री

राजनांदगांव (दावा)। प्रखर हिंदूवादी नेता राजू वर्मा बजरंग सेना के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं अशोक निर्मलकर को जिला महामंत्री के पद से सम्मानित किया गया है। पदभार संभालने के बाद ये दोनों आने वाले दिनों में धर्म जागरण की गतिविधियों का संचालन और अधिक सक्रियता से कर सकेंगे।

ज्ञात हो कि बलभद्र जमात मंदिर में 13 फरवरी को बजरंग सेना की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बजरंग सेना के राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री व बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे की अनुशंसा पर जिला उपाध्यक्ष राजू वर्मा, जिला महामंत्री अशोक निर्मलकर, जिला प्रभारी नितेश यादव, जिला संयोजक तामेश्वर साहू, जिला सचिव ढालेश वैष्णव, जिला संगठन मंत्री लाल मुनई, जिला सचिव एवं कानून मंत्री अशोक श्रीवास, जिला सहसंयोजक गीतेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी सुशील तिवारी एवं राजकमल ध्रुव, जिला संरक्षक शिव वर्मा एवं दुर्गेश यादव को मनोनीत किया गया। जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा ने बधाई देते बजरंग सेना के कार्यों से अवगत कराया गया। बैठक में जिला सह-संयोजक राजकुमार ठाकुर एवं अन्य बजरंगी उपस्थित थे।

शुभांक

अनुमानित

बी. के	
2-6-7	
668-0	378-8
राजधानी	
1-5-9	
279-8	590-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव

ईश्तहार

क्रं...../प्रवा.-3/अ0वि0अ0 /2023
राजनांदगांव, दिनांक-26/02/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रूपल जैन पति नीलेश जैन, निवासी हीरा मोती लाइन, वार्ड क्रं. 36, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पार्रीकला, प. ह. नं. 58, खसरा नंबर 415/29 रकबा 0.0080 हेक्टेयर में से 0.004 हेक्टेयर आवासीय प्रयोजन एवं 0.004 हेक्टेयर व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा-59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा. मा. क्रं...... बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधन आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश साव आ. स्व. छन्नूलाल साहू निवासी शहर/ग्राम ईरा प.ह.नं. तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपनी माता अमरौतिन बाई साहू ध.प. स्व. छन्नूलाल साहू की मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिसी किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 29/2/24 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 19/02/24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 19/2/2024
सुनवाई दिनांक 29/2/2024

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)

ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक
202402093700036 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिश कुमार यादव आ. स्व. राजू यादव एवं अन्य, निवासी-शिवमंदिर के पास बांसपाईपारा वार्ड नं 39 हीरामोती लाईन, राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला बांसपाईपारा स्थित शीट क्रमांक 49 बी, भूखण्ड क्रमांक 97, क्षेत्रफल 57.39 वर्गमीटर जो धारक राजू आ. बिसरू यादव, निवासी-बांसपाईपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भूखण्ड के धारक राजू आ. बिसरू यादव की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 13.03.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.02 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नजूल जांच
राजनांदगांव (छ.ग.)

विकसित भारत संकल्प यात्रा तृतीय चरण की मोबाईल वेन आज प्रातः पेण्ड्री में

राजनांदगांव (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन आज नगर निगम द्वारा पेण्ड्री रमन बाजार के सामने मैदान में आयोजित शिविर में पहुँच चल चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश को सुनाकर विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी। शिविर में बडी संख्या में वार्डवासियों ने मुफ्त मे ईलाज कराने आयुष्मान कार्ड बनाने के अलावा अन्य योजनाओं का लाभ लेने रूचि दिखाई। आज के शिविर में नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पार्षद शिव वर्मा, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, श्रीमती पिंकी साहू सहित वार्ड के पवन सिन्हा, संजय राते, चन्द्रदास खरे, राम जी साहू, भीखम साहू, कृष्णा साहू, कमल ध्रुव, वेंकट राव विशेष रूप से उपस्थित थे।

पेण्ड्री रमन बाजार मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने फिता काट कर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर राजगीत के माध्यम से किया, नेताप्रतिपक्ष श्री यदु ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने संकल्प दिलायी। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा सभी स्टालो का अवलोकन कर हितग्राहियो से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का सामान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया तथा योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया तथा केन्द्र शासन की योजनाओं के प्रचार प्रसार के कैलेण्डर का अतिथियों ने विमोचन कर उपस्थितजनों को वितरण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में निगम के अधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

शिविर में नेता प्रतिपक्ष श्री यदु तथा वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने उपस्थित वार्डवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो बार के कार्यकाल में योजनाओं के क्रियान्वयन की धरातल में वास्तविक स्थिति तथा जनता को लाभ मिला की नही यदि मिला तो कितना मिला जानने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की। उन्होंने कहा कि वार्डो में शिविर के माध्यम से जिन्हें लाभ नहीं मिला उन्हे लाभ देने प्रयास

० पेण्ड्री रमन बाजार के सामने आयोजित शिविर में निगम सहित अन्य विभागों द्वारा योजनाओं की दी जानकारी
० मातृत्व वंदन योजना, स्व निधि योजना तथा आयुष्मान कार्ड से नागरिक लाभान्वित होकर किये अनुभव साझा

किया जा रहा है और जिन लोगों ने लाभ लिया है, वे अपना अनुभव साझा कर रहे है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक लाभ देने महतारी वंदन योजना मोदी जी के द्वारा प्रारंभ की, जिसका प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में लागू की गयी जिसका लाभ लेने महिलाओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया और उन्हें 8 मार्च को राशि उनके खाते में आयेगी। जो लाभ लेने से वंचित रह गये है उन्हे भी लोकसभा चुनाव के बाद योजना के माध्यम से लाभ दिया जावेगा।

0 शिविर में वार्डवासियों ने केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी लेकर किया आवेदन

शिविर में पेण्ड्री एवं आस पास क्षेत्र के लगभग 1 हजार से अधिक लोग शिविर में उपस्थित होकर जानकारी लिये और पोर्टर के माध्यम से योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। आयुष्मान कार्ड के लिये 400 ने, आधार के लिये 30 ने, उज्जवला योजना के लिये 25 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 9 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 7 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। स्व निधि योजनातर्गत पेण्ड्री की महिला स्व सहायता समूहों में श्री सांई की सकुन साहू, मिश्री समूह की रूबिना खान, मिनिमाता समूह की राधिका लहरे, अटल विहार समूह की श्वेता गुप्ता, अन्नपूर्णा समूह की जानकी लहरे व माँ शीतला समूह की रीना झा ने ऋण प्राप्त कर स्व रोजगार के माध्यम से स्वावलंबी अपना अनुभव साझा किया तथा आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ लेकर स्वस्थ्य होकर कामिनी साहू ने भी अपना अनुभव साझा की। सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनकी योजना का लाभ हम गरीबों को मिला जिससे हमारा जीवन सफल हुआ। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 106 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, उज्जवला योजना, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

आज के पेण्ड्री रमन बाजार मैदान में आयोजित शिविर में मनोहर यादव एवं उनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में पार्षद, पूर्व पार्षद, पत्रकार बंधु, अधिकारी कर्मचारी सहित लाभार्थी व वार्डवासी उपस्थित थे।

अरूण सूर्यवंशी बने अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज का केंद्रीय अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज का 43 वा महाधिवेशन (महासभा) दिनांक 24 एवं 25 फरवरी को मिथिला धाम जनक भवन चिखली दीनदयाल नगर चिखली थाना के पीछे शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय के पास राजनादगांव में आयोजित हुआ। अधिवेशन में स्वजातीय बंधु ने अपनी उपस्थिति से संकेत देते हुए पहली बार केंद्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन बैलेट पेपर के माध्यम से कराए जाने पर बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया केंद्रीय अध्यक्ष के लिए तीन नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया जिसमे अरूण कुमार सूर्यवंशी जो नगर पालिक निगम राजनादगांव का एक कर्मचारी है, मिलन सिंह ठाकुर कृषक भालु कोह्रा निवासी है और तोरण लाल वर्मा कोंडागांव (बहिगाव) शिक्षक कुल तीन उम्मीदवार निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित हुए। निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता रमन जी (दुर्ग) एवं शैलेंद्र (हर्षू) नागवंशी राजनादगांव निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित किया। मतदान दोपहर एक बजे से पांच बजे तक निर्धारित था। निर्वाचन प्रक्रिया में मैथिल क्षत्रिय समाज के सामाजिक स्वजातीय बंधु ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मतदाताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मतदान की समय सीमा बढ़ाई गई। लगभग शाम 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली जिनको जिनको मतदान का टोकन मिला उन्हें ही मतदान करने का अधिकार प्राप्त हुआ।

मतगणना लगभग 7 बजे प्रारंभ हुआ जो लगभग रात्रि 9 बजे तक चलती रही मतगणना अधिकारी द्वारा मंच पर विजेता उम्मीदवार की घोषणा किया गया जिसमें क्रमशः तोरण सिंह वर्मा तीसरे स्थान पर रहे उसी प्रकार दूसरे स्थान पर मिलन सिंह ठाकुर रहे विजेता के रूप में अरुण कुमार सूर्यवंशी की नाम का घोषणा मंच के माध्यम से किया गया।

अरुण कुमार सूर्यवंशी को जैसे ही अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज का केंद्रीय अध्यक्ष पद पर जीत की घोषणा किया गया उनके प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई समाज ने एक युवा नेतृत्व पाकर हर्षित हो गए। अरुण कुमार सूर्यवंशी ने अपने से वरिष्ठ मिलन सिंह ठाकुर को कड़ी टक्कर देते हुए जीत हासिल की जो लगभग 11 वर्षों से उस पद पर बने रहे । वर्तमान में अरूण सूर्यवंशी स्वयत्तशासी कर्मचारी संघ इकाई नगर पालिक निगम राजनादगांव अध्यक्ष पद पर बने हुए है, भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष का दायित्व भी सम्हाल चुके है, मैथिल क्षत्रिय समाज राजनादगांव क्षेत्र का अध्यक्ष पद का दायित्व लगातार दूसरी बार निभाते चले आ रहे है, अखिल भारतीय मैथिल क्षत्रिय समाज का केंद्रीय कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद का भी निर्वहन कर चुके है।

अरुण कुमार सूर्यवंशी ने अपनी जीत पर अपने माता स्वर्गीय श्रीमती गोदावरी सूर्यवंशी ,पिता स्वर्गीय भुखऊ राम सूर्यवंशी को याद करते हुए ये पद मिला है उनके ही आशीर्वाद का फल है और श्रेय अपने समाजिक गुरु गणेश नागवंशी जिन्होंने समाज के लिए प्रेरित किया, अपनी पत्नी श्रीमती रेणु सूर्यवंशी, अपने युवा सामाजिक भाईयों जिनका वर्षो से मिले सहयोग को याद किया।

मैथिल क्षत्रिय समाज क्षेत्र के उपाध्यक्ष यशवंत सेंगर, सचिव शैलेष तोमर, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र राजगढ़, राजेश तोमर, प्रचार प्रसार प्रभारी सुरेश देवराज, हर्षू नागवंशी, नितेश अग्रवाल, हिरेंद्र चंद्रवंशी, मनोहर भार्गव, गोलू ठाकुर, कृष्णा बाबा ठाकुर, थानेश्वर ठाकुर, राजू नागवंशी, महिला संगठन सहित समस्त स्वजातीय बंधुओ ने खुशी जाहिर किया।

लोकसभा सांसद संतोष पांडे के विशेष प्रयासों से पीवीजीटी बसाहटों हेतु 13 नवीन सड़क स्वीकृत

खैरागढ़ (दावा)। भारत सरकार द्वारा सुदूर अंचल में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के विकास के लिये पीवीटीजी बसाहटों को बारहमासी पहुंच विहीन सड़क मार्ग से जोड़ने हेतु पीएम–जनमन योजना प्रारंभ की गई है। पीएम–जनमन योजना के तहत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के विकासखंड छुईखदान की 13 पीवीटीजी बसाहटों में सांसद संतोष पाण्डेय के विशेष प्रयास से 16 गांवों को जोड़ने हेतु 13 सड़कें कुल लंबाई 35.13 कि.मी. राशि रू. 2431.49 लाख की स्वीकृति केन्द्र शासन द्वारा प्रदान की गई है। जिसमें निर्माण एजेंसी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना है। जिनके द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगी।

विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति वाले क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु 13 सड़कों को चिन्हांकित किया गया है। जिसमें आमाटोला, ठाकुरटोला, समुंदपानी, गोलरडीह, गेरूखदान, बांधाटोला, बगारझोला आदि गांव इस सड़कों से जुड़ेंगे। जिससे 16 पीवीटीजी गांवों के हजारों लोग लाभांवित होंगे। उक्त सड़क निर्माण कार्य के स्वीकृति मिलने पर खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के क्षेत्रवासियों ने राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार प्रकट किया है।।

0 जिले में पीवीजीटी परिवारों के लिए 35 किलोमीटर की लंबाई की होगी सड़क निर्माण,
0 16 विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति गांव के हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

अग्निवीर भर्ती दबाव रहित, निःशर्त एवं निःशुल्क हो - रूपेश दुबे

राजनांदगांव (दावा)। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने केंद्र और राज्य की डबल इंजन भाजपा सरकार को देश सेवा के जज्बेधारी युवाओं को अग्निपथ योजनांतगत अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में शर्त लागू करने के कारण युवा निरुत्साहित होकर देश सेवा में पीछे करने की बात कहते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में युवाओं के वोटो को पाने भाजपाई टारगेट को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार अपने प्रशासनिक अमलों पर दबाव रूपी तुगलकी फरमान जारी किया है, जिससे शासकीय सेवकों में भय का वातावरण निर्मित है, क्योंकि टारगेट के अलावा अग्नि वीरों के लिए परीक्षा शुल्क 295 रुपए भी शासकीय सेवकों के द्वारा दिया जाना है, जिससे इस योजना के प्रति जहां शासकीय सेवक भी निरुत्साहित हो रहे हैं, वहीं परीक्षा शुल्क के कारण नवयुवक-नवयुतियां अग्निवीर देश सेवा की जज्बे से दूर हो रहे हैं, ऐसी स्थिति में अग्निवीर की आवेदन शुल्क माफ कर छत्तीसगढ़ सरकार को अपनी वाहवाही लूटने के बजाय देश सेवा के जज्बे का सम्मान करना चाहिए।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि महतारी वंदन की तर्ज पर केंद्र सरकार देश सेवा के जज्बे के नाम पर लोकसभा चुनाव जीतने की खेल खेल रही है और इसके लिए प्रशासनिक अमलों को काम में लगाकर अपना राजनीतिक रोटी सेंकने जिला पंचायत के माध्यम से अग्नि वीरभर्ती का खेल चालू कर दिया है और शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों को इस योजना में अधिक से अधिक भर्ती कराने के लिए दबाव पूर्ण टारगेट दे दिया गया है, जिससे विभाग के लोग परीक्षा के समय मानसिक रूप से परेशान है, जिसका असर परीक्षा एवं अध्ययनरत बच्चों पर पढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री अपने फोटो युक्त पाम्पलेट छपाकर वाहवाही लूटने का काम कर रहे हैं, यदि उनमें देश सेवा के प्रति थोड़ा भी सम्मान हो तो नैतिकता के नाते अग्निवीर में लगने वाले परीक्षा शुल्क 295 रुपए को माफ कर युवाओं को आर्थिक राहत दे, ताकि वे लगनशीलता और उत्साह के साथ देश सेवा के लिए तत्पर हो सके। मात्र राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए भाजपा किसानों को, महिलाओं को, युवाओं पर मोदी की गारंटी के नाम पर अन्याय करती है, वह स्वस्थ लोकतंत्र के साथ-साथ देश हित में भी उचित नहीं है।

देशभक्ति के जज्बे में डबल इंजन सरकार बनी बाधा

महापौर जी सस्ती लोकप्रियता के लिए नाटक बंद करें-श्रीमति खेमिन राजेश यादव

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के तेज तर्रार पार्षद श्रीमति खेमिन राजेश यादव ने समाचार पत्रों में छपी खबर स्टेशन पारा में महापौर एवं पार्षद द्वारा पानी की समस्या को लेकर चक्काजाम किये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महापौर श्रीमति हेमा देशमुख सस्ती लोकप्रियता के लिए नाटक करना बंद करें अन्यथा अपने पद इस्तीफा देवें क्योंकि शायद महापौर जी को मालूम नही है कि सरकार व्यवस्था के तहत केन्द्र सरकार राज्य सरकार एवं स्थानीय सरकार की है। स्थानीय सरकार के तहत नगर निगम में कांग्रेस की महापौर भी सरकार है तथा पानी बिजली एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का मुहैया करवाना नगर निगम सरकार की जिम्मेदारी है और स्वंय महापौर एवं कांग्रेस पार्षद की है। किन्तु लगता है महापौर जी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार को पचा नहीं पा रही है इसलिए कभी आयुक्त को ज्ञापन सौंपने एवं पानी के लिए चक्काजाम करने के कार्य सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए कर रही है। अपने 50 महिने के कार्यकाल में 5 सामान्य सभी की बैठक भी नही करवा पाती है। जबकि निगम एक्ट के तहत हर दो माह सामान्य सभा आहूत करने का नियम है। आगे श्रीमति खेमिन यादव ने कहा कि महापौर जी को चक्काजाम धरना प्रदर्शन करना है तो तत्काल महापौर पद से इस्तीफा दे और धरना प्रदर्शन चक्काजाम करें।

आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में जागरूकता शिविर

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में 28 फरवरी को सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जागरूकता शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में इच्छुक एवं पात्र हितग्राही शामिल होकर योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को मिलेगी सहायता

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना घोषित की गई है। योजनांतर्गत कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा व टूल किट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया-चटाई व झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गुडिया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वालों को लाभान्वित किया जाएगा। सभी वर्गों को अपनी आईडी व पहचान पत्र के माध्यम से प्रशिक्षण, टूलकिट व डिजिटल मार्केटिंग सपोर्ट दिया जाएगा। साथ ही बैंक शाखाओं के माध्यम से पहले चरण में 1 लाख रूपए व दूसरे चरण में 2 लाख रूपए तक की सहायता राशि मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा।

सेपा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, कई विषयों पर की चर्चा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ एडिटर्स एण्ड पब्लिशर्स एसोसिएशन (सेपा) के पदाधिकारियों ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उनसे संगठन के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से संगठन के उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया। सेपा के अध्यक्ष तरूण साहू, महासचिव ब्रजेश शुक्ला एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय त्रिपाठी एवं शिव श्रीवास्तव ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई के साथ उनके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाएं दी। साथ ही सेपा में सम्मिलित संस्थानों के बारे में जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। प्रदेश स्तरीय सम्मेलन किए जाने हेतु मुख्यमंत्री ने शीघ्र समय दिए जाने का आश्वासन दिया एवं मीडिया सलाहकार पंकज झा के सलाह एवं सुझाव के साथ ही शीघ्र ही समय दिए जाने हेतु सहमति प्रदान की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने सेपा गठन के उद्देश्य एवं के गतिविधियों की सराहना की।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पदों हेतु लिखित परीक्षा 10 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती के अनुक्रम में सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेख, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा 10 मार्च को बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं चयन समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि सहायक ग्रेड-3, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना, प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों की सूची इत्यादि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाऊनलोड कर प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं।

इसके साथ ही 17 फरवरी को अनुवादक एवं वाहन चालक के पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के भी परिणाम घोषित करते हुए मेरिट लिस्ट भी वेबसाईट पर अपलोड की दी गयी है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट https://cgslsa/gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

महतारी वंदन योजना अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने की जरूरत - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। जिले में 2 लाख 58 हजार 46 महिलाओं ने आवेदन किया है। सभी आवेदनों की समय दावा आपत्ति की प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए इस योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के भौतिक प्रगति की जानकारी तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत योजनाओं की सेचुरेशन के लिए किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में स्वास्थ्य, स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के संबंध में चर्चा होनी चाहिए तथा इससे संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अनुशासन बनाए रखते हुए समय पर कार्यालय पहुंचेंगे। यह भी सुनिश्चित करें की दूरस्थ क्षेत्रों के शासकीय कार्यालय समय पर खुल जायें। सोमवार को सामान्यतः कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अवकाश नहीं लेगें तथा जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। जनसामान्य दूरस्थ क्षेत्रों से यहां उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, सभी कार्यालय में रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एलडब्ल्यूई के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुल-पुलिया, सड़क निर्माण, अधोसंरचना, आजीविका तथा जनसामान्य के जीवन स्तर के उन्नयन के लिए कार्य करना हैं, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। कलेक्टर ने कहा कि मिनीमाता महतारी जतन योजना तथा भगिनी प्रसूति योजना के तहत जिले के असंगठित एवं निर्माणी के लगभग 10 हजार 300 श्रमिकों को 20 करोड़ 74 लाख 20 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई है। यह जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में अच्छी उपलब्धि है। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले के लगभग 600 प्राथमिक स्कूलों में स्मार्ट टीवी एवं संपर्क डिवाईस लगाए गए हैं। सभी के प्रयासों एवं जनसहभागिता से यह कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से पढ़ाई कराना एक अद्भूत प्रयास है। जिसका प्रभाव आने वाले वर्षों में दिखाई देगा। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति अंतर्गत दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का चिन्हांकन करते हुए, ऐसे क्षेत्रों में घुमावदार मोड़, इस तरह के स्थानों में दुर्घटना को रोकने के लिए कोशिश होना चाहिए। परिवहन विभाग, एडीएम, एसडीओपी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस दिशा में समन्वित तरीके से कार्य करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में गर्भवती महिलाओं, सेवानिवृत्त के लिए छः माह शेष हो ऐसे बुजुर्ग, दिव्यांगजन एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगाए। इनके लिए संवेदनशीलतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कनवर्जेस से बहुत से कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा सकते हैं, जिनमें नहर लाईन, स्टॉप डेम, पीडीएस भवन, जर्जर आंगनबाड़ी मरम्मत, बाऊंड्रीवाल, जल संरक्षण, चेकडेम, अमृत सरोवर, बाड़ी विकास जैसे बहुत से कार्य किए जा सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्य ग्राम पंचायतों में हेण्डओव्हर करें तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं की प्रसुति किन प्राथमिक एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में होती है, उसकी मैपिंग कराएं। जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए इस ओर विशेष कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने सिकल सेल, एनिमिया, टीबी एवं फाइलेरिया अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

० सभी अधिकारी-कर्मचारी अनुशासन बनाए रखते हुए समय पर पहुंचें कार्यालय
० जिले के लगभग 600 प्राथमिक स्कूलों में स्मार्ट टीवी एवं संपर्क डिवाईस के माध्यम से पढ़ाई कराना एक अद्भूत प्रयास
० दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का चिन्हांकन करते हुए ऐसे स्थानों में दुर्घटना को रोकने के लिए होनी चाहिए कोशिश

अनमोल दावा

श्रद्धा से ज्ञान, नम्रता से मान और योग्यता से स्थान मिलता है यह तीनों मिल जाए तो व्यक्ति को हर जगह सम्मान मिलता है।

अर्थव्यवस्था का हाल, गरीबी में कमी, लेकिन घरेलू खर्च हो गए दोगुने से अधिक

अर्थव्यवस्था के तेज विकास और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावों के बीच हकीकत यह है कि पिछले बारह-तेरह सालों में लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दोगुने से अधिक हो गया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के ताजा घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के मुताबिक मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति औसत घरेलू खर्च 2011-12 के 2,630 रुपए से बढ़ कर 2022-23 में दोगुने से अधिक यानी 6,459 रुपए हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपए से बढ़कर 3,773 रुपए हो गया है।

इसमें यह भी जाहिर हुआ है कि गैर-खाद्य वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है, जबकि खाद्यान्न पर खर्च पहले की तुलना में कम हुआ है। फलों, सब्जियों, दूध, मछली, खाद्य तेल आदि पर खर्च बढ़ा है। इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, वस्त्र और दूसरी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं पर खर्च बढ़ा है। इसकी एक वजह तो यह बताई जा रही है कि कोविड के समय शहरों से गांवों की तरफ लौटे लोगों के कृषि क्षेत्र में समाहित हो जाने से उस क्षेत्र का औसत उपभोग खर्च बढ़ा है। मगर यही तर्क शहरी खर्च बढ़ने पर लागू नहीं होता। यह तब है, जब सरकार लगातार महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर रही है।

इन आंकड़ों के समांतर दावा यह भी है कि गरीबी में पांच फीसद की कमी आई है। बहुआयामी गरीबी से करीब तेईस करोड़ लोगों के बाहर निकलने का आंकड़ा भी कुछ दिनों पहले चर्चा में था। इन सबके बीच एक तथ्य यह भी है कि प्रति व्यक्ति आय में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक आय भी लगभग उतनी ही है, जितना प्रति व्यक्ति मासिक खर्च है।

मगर इससे प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति खर्च का समीकरण संतुलित नहीं होता। ज्यादातर परिवारों में एक ही व्यक्ति कमाने वाला होता है, जबकि उस पर निर्भर औसतन तीन लोग होते हैं। इन्हीं आंकड़ों के बीच सरकार का दावा है कि वह बयासी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराती है। यानी प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय के औसत में इस आबादी का हिस्सा भी शामिल है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि यह सर्वेक्षण ग्यारह सालों बाद आया है, इसलिए इसमें प्रति व्यक्ति खर्च ऊंचे स्तर पर नजर आ रहा है।

महंगाई और प्रति व्यक्ति खर्च बढ़ना एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था की निशानी माना जाता है। मगर इसके साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में भी समतुल्य बढ़ोतरी दर्ज होना आवश्यक है। विचित्र है कि प्रति व्यक्ति आय उस अनुपात में नहीं बढ़ रही है, जिस अनुपात में महंगाई और घरेलू खर्च बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह रोजगार के नए अवसर सृजित न हो पाना और कोविड के दौरान बाहर हुए लोगों का वापस रोजगार में न लौट पाना है। जो लोग कृषि क्षेत्र में समाहित हो गए हैं, उन्हें भी दैनिक मजदूरी उपलब्ध नहीं हो पाती। कृषि क्षेत्र खुद कई संकटों से गुजर रहा है।

मौसम की मार से फसलों के बर्बाद होने और लागत के अनुपात में फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने की वजह से इस क्षेत्र में मजदूरी घटी है। मनरेगा जैसे कार्यक्रमों में भी काम सौ दिन से घट कर मुश्किल से साल में साठ दिन ही मिल पाता है। ऐसे में अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि घरेलू खर्च बढ़ने से लोगों को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा चुनाव : बीजेपी की रणनीति के जवाब में टीएमसी का प्लान

प्रभाकर मणि तिवारी

भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में संदेशखाली की घटना को लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में लग रही है.

केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी ने चुनाव तक इस मुद्दे को न सिर्फ़ जीवित रखने बल्कि इस पर नंदीग्राम की तर्ज पर ज़बरदस्त राज्यव्यापी आंदोलन खड़ा करने की भी रणनीति तैयार की है. ये कहा जा रहा है कि इसी के तहत पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक सप्ताह में तीन-तीन बार बंगाल दौरे पर बुलाने की तैयारी कर रही है.

तृणमूल कांग्रेस ने भी जवाबी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री के दौरे के ठीक बाद 10 मार्च को ब्रिगेड रैली के ज़रिए पार्टी का चुनाव अभियान शुरू करने का फ़ैसला किया है.

पहले मोदी को छह मार्च को उत्तर 24-परगना ज़िला मुख्यालय बारासात में संदेशखाली के मुद्दे पर एक जनसभा को संबोधित करना था.

लेकिन अब इसकी तारीख़ बदल कर आठ मार्च कर दी गई है. बीजेपी नेताओं के मुताबिक़ प्रधानमंत्री ने महिलाओं पर अत्याचार और यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानी आठ मार्च ही चुना है.

लेकिन उससे पहले प्रधानमंत्री एक और दो मार्च को आरामबाग़ और कृष्णानगर लोकसभा इलाक़ों में अलग-अलग रैलियों को संबोधित कर सकते हैं.चुनावी समीकरण के लिहाज से पार्टी के लिए यह दोनों सीटें अहम हैं.पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में टीएमसी नेताओं पर लगे आरोपों को लेकर छिड़ा सियासी संग्रामग़ज़ा संघर्ष विराम पर सहमति की उम्मीद बढ़ी, इसराइली पीएम नेतन्याहू ने क्या कहा

प्रदेश बीजेपी पहले दिन से ही संदेशखाली के मुद्दे पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ख़िलाफ़ आक्रामक मुद्रा में है.

इस महीने इलाक़े में तृणमूल कांग्रेस नेताओं की तिकड़ी यानी शाहजहाँ शेख़, शिव प्रसाद हाजरा और उत्तम सरदार के कथित अत्याचारों और यौन उत्पीड़न के ख़िलाफ़ महिलाओं के सड़क उतरने के बाद से ही पार्टी के नेता लगातार इस गाँव का दौरा कर रहे हैं.इस दौरान उनकी कई बार पुलिस के साथ झड़प हो चुकी है. कलकत्ता हाईकोर्ट की अनुमति के बाद विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार अलग-अलग इलाक़े का दौरा कर चुके हैं.पार्टी के कई अन्य नेता भी संदेशखाली जाने के रास्ते में पुलिस वालों से लड़-भिड़ कर गिरफ़्तारी देते रहे हैं.अब दिल्ली के जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से शनिवार को आयोजित एक सेमिनार में भी बीजेपी नेता संदेशखाली का मुद्दा उठा चुके हैं.दूसरी ओर, तमाम केंद्रीय आयोग लगातार संदेशखाली का दौरा कर रहे हैं. राष्ट्रीय जनजाति आयोग की टीम बीते सप्ताह दूसरी बार मौक़े पर पहुँची थी.

इससे पहले इलाक़े के दौरे के बाद उसने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट में बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफ़ारिश की थी.राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के नेतृत्व में भी एक टीम संदेशखाली के दौरे के बाद यही बात दोहरा चुकी है. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को राज्य प्रशासन से चार सप्ताह के भीतर संदेशखाली पर रिपोर्ट मांगी है.मानवाधिकार आयोग की टीम शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो दिनों तक इलाक़े का दौरा कर पीड़ितों से बातचीत कर चुकी है.प्रदेश बीजेपी के एक बड़े नेता नाम नहीं छापने की शर्त पर कहते हैं, ÷हम सिंगूर और नंदीग्राम की तर्ज़ पर ही संदेशखाली आंदोलन को भी खड़ा करना चाहते हैं.÷संदेशखाली पर आंदोलन तेज़ करने की अपनी रणनीति के तहत ही पार्टी ने बीते सप्ताह %द बिग रिवील-द संदेशखाली शॉकर% शीर्षक से एक डॉक्यूमेंट्री भी जारी की है.

बीजेपी ने संदेशखाली की तुलना नंदीग्राम से की है. यहाँ इस बात का ज़िक्र ज़रूरी है कि पूर्व मेदिनीपुर ज़िले के नंदीग्राम में जबरन ज़मीन अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के सहारे ही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के लिए सत्ता में पहुँचने का रास्ता साफ़ हुआ था.

विपक्ष के नेता और नंदीग्राम से बीजेपी विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता में पत्रकारों से कहा, ÷संदेशखाली की परिस्थिति नंदीग्राम जैसी है. नंदीग्राम में लोगों ने ज़मीन के अधिग्रहण के ख़िलाफ़ लड़ाई की थी और यहाँ ज़मीन पर जबरन कब्ज़े के ख़िलाफ़ लड़ रहे हैं. संदेशखाली में खेती की ज़मीन पर जबरन कब्ज़ा यौन उत्पीड़न के बाद दूसरा सबसे बड़ा मुद्दा है.÷

बीजेपी के एक नेता नाम नहीं छापने की शर्त पर बताते हैं कि पार्टी इस मुद्दे को लोकसभा चुनाव तक बनाए रखना चाहती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा भी इसी रणनीति का हिस्सा है.

प्रधानमंत्री मोदी आठ मार्च को उत्तर 24-परगना ज़िला मुख्यालय बारासात में एक सभा को संबोधित करेंगेवहाँ मुख्य मंच के पास ही एक और मंच बनेगा. उस पर संदेशखाली की कुछ महिलाओं को बुला कर बिठाया जाएगा.

वे बताते हैं कि पहले यह सभा संदेशखाली में करने पर विचार किया गया था. लेकिन हो सकता है कि राज्य सरकार से इसकी अनुमति नहीं मिले. इसलिए बारासात में इसके आयोजन का फ़ैसला किया गया है. प्रधानमंत्री वहां संदेशखाली की कुछ ऐसी महिलाओं से निजी तौर पर भी मुलाक़ात करेंगे, जिन्होंने अपने उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं.इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी एक और दो मार्च को राज्य के दो अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों का भी दौरा करेंगे.बीजेपी नेता बताते हैं कि आठ मार्च से पहले प्रधानमंत्री मोदी की लगातार दो दिन बंगाल के दौरे पर आने की योजना है.पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी आरामबाग़ लोकसभा सीट पर बहुत कम अंतर से हारी थी. वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी इस लोकसभा क्षेत्र के तहत सात में से चार विधानसभा सीटों पर विजयी रही थी.

वर्ष 1999 में इस सीट पर पार्टी के उम्मीदवार जलू मुखर्जी जीते थे. उस समय राज्य में बीजेपी का कोई संगठन या जनाधार नहीं था.बीजेपी के एक नेता बताते हैं कि कृष्णानगर की तृणमूल कांग्रेस सांसद रही महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता छिनने और उनके कामकाज पर विवाद पैदा होने के बाद उपजी परिस्थिति का फ़ायदा पार्टी उठाना चाहती है.यही वजह है कि बीजेपी ने पीएम मोदी की सभा के लिए कृष्णानगर को चुना है.राजनीतिक विश्लेषक समीरन पाल मानते हैं कि कृष्णानगर इलाक़े की ज़मीनी परिस्थिति बीजेपी की राजनीति के लिए मुफ़ीद है. इसी वजह से लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री की सभा के लिए कृष्णानगर को चुना गया है.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 79 : गुरु विश्वामित्र के साथ राम व लक्ष्मण पहुंचे रंगभूमि

डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय

'तो इस तरह कुमारी सीता का विवाह एक कठिन स्वयंवर है, तब तो अनेक राजा और राजकुमार इस धनुष यज्ञ में सीता से विवाह की इच्छा से पहुंचे होंगे?' महर्षि विश्वामित्र ने पूछा।

'अवश्य मुनिवर ! मिथिला में एक साथ इतने राजाओं और राजकुमारों का पहले कभी आगमन नहीं हुआ था। राजकुमारी सीता श्रेष्ठ है अतः उनका पाणिग्रहण भी श्रेष्ठ हाथ में होना चाहिए।' शतानंद जी ने कहा।

शतानंद जी के प्रस्थान के बाद गुरु विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण से कहा, 'यह एक अद्भुत संयोग है कि हम शिव धनुष देखने के लिए मिथिला आए हैं और वह धनुष हम यहां की राजकुमारी के स्वयंवर के अवसर पर देख पाएंगे। न जाने विधिना ने क्या सोच रखा है। राम-लक्ष्मण अब शिवजी के धनुष के दर्शन धनुष यज्ञ में ही होंगे। तुम लोग तैयार हो जाओ।'

राजा जनक के दरबार में विभिन्न राज्यों के राजागण और राजकुमार पधारे हुए हैं। रंगभूमि के विशाल क्षेत्र में मिथिला की जनता भी एकत्र है।जब गुरु विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण वहां पहुंचे तो उपस्थित जनसमुदाय में कोलाहल होने लगा। ताड़का तथा सुबाहु वध के पश्चात राम और लक्ष्मण की ख्याति मिथिला में भी पहुंच चुकी है।जिस सहज भाव से राम और लक्ष्मण ने जनकपुरी के मार्गों और गलियों में भ्रमण किया,उससे भी लोग प्रभावित हैं। राम के मृदुल स्वभाव और उनकी विनम्रता की भी चर्चा हो रही है।

प्रजा में कानाफूसी हो रही है।

'न जाने ये दोनों राजकुमार धनुष यज्ञ में राजकुमारी सीता के स्वयंवर के एक प्रतियोगी के रूप में शामिल हो पाएंगे कि नहीं?'

'पता नहीं,ये हैं तो सर्वथा योग्य लेकिन हो सकता है,महाराज दशरथ तक निमंत्रण पहुंचा हो या नहीं।'

'येष्ठ राजकुमार राम और सीता जी की जोड़ी मानो स्वयं विधाता ने बनाई है।'

'श्री हरि विष्णु चाहें तो कुमार राम अवश्य ही स्वयंवर में सम्मिलित होंगे और वे महाराज जनक की कठिन शर्त को अवश्य पूरा कर पाएंगे।'

'ऐसे सुकोमल राजकुमार और भगवान शिव का भारी धनुष? क्या धनुष उनसे उठ पाएगा?'

'क्यों नहीं? मिथिला आने से पूर्व सिद्धाश्रम के क्षेत्र में उन्होंने अपने रण कौशल का परिचय दिया और अपनी वीरता सिद्ध कर ही दी है।'

'अगर निमंत्रित राजाओं में से कोई श्री राम के पहले ही शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ा दें, तो !'

'ऐसा संभव नहीं है। स्वयं महादेव की इच्छा यही होगी कि राजकुमारी सीता श्री राम का वरण करें। राम में शौर्य है, विनय है, सच्चाई और पवित्रता है, अन्य राजाओं में यह बात दिखाई नहीं देती है।'

राम और लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के साथ मुख्यमंच के नजदीक पहुंचे।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -347

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 346 का हल

यु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

सू- दोकू क्र.347

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.346 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

कविता

नए पुलिस चौकी का उद्घाटन हुआ

आये थे बड़े-बड़े अफसर और नेता
बोले यह चौकी है, जनता की सेवा के लिए है
यहां पर न्याय और शांति का ध्वज फहराया जाएगा।
पर जैसे ही उद्घाटन का फीता काटा
चौकी के अंदर से एक चीखने की आवाज आई
एक आदमी बांधा हुआ था एक कुर्सी पर
उसके साथ था एक पुलिस वाला
जो लगातार उसे पीट रहा था।
उद्घाटन करने वाले लोग हैरान हो गए
उन्होंने पुलिस वाले को रोका और पूछा
यह कौन है और तुम उसे क्यों पीट रहे हो?
पुलिस वाला बोला, यह तो एक चोर है
उसने चौकी के अंदर घुसकर
चोरी करने की कोशिश की है,
मैंने उसे पकड़ लिया
उससे उसके साथियों के बारे में पूछ रहा हूँ।
उद्घाटन करने वाले लोग ने कहा, यह तो बहुत बुरा हुआ
तुमने उसे इतना पीटा है कि वो बेहोश हो गया है
तुम्हें तो उसे आदरभाव से पूछना चाहिए था
यह चौकी तो जनता की सेवा के लिए है
यहां पर न्याय और शांति का ध्वज फहराना है।
पुलिस वाले ने कहा, आप लोग गलत समझ रहे हैं
मैंने उसे पीटा नहीं, मैंने उसे
उद्घाटन का तोहफा दिया है
यह चौकी तो जनता की सेवा के लिए है
यहां पर न्याय और शांति का ध्वज फहराना है।

गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', बंद फौव्वारा चौक, राजनांदगांव

कविता

गांव गली महकने लगा अमराई के बौरों से

गाँव गली महकने लगा है, अमराई के बौरों से
जंगल-पहाड़ दहकने लगा है पलास फूलों से
वासंती बयार बहने लगी वन-उपवन बागों से
झूम रहे हैं तरुवर भी मस्त पवन के झोंकों से
आम्र तारु लद गए स्वर्ण मंजरियों के बौरों से
अमराई भी गुंजने लगी कोकिल के कूकों से
वसुंधरा अब सजने लगी कोयल के संदेशों से
सतरंगी आभा बिखरने लगी वसुंधरा फूलों से
मद मस्त महुआ मदहोश करने लगा डालों से
तरुवर भी सवंरने लगे पंछी और कोकिलों से
जंगल पहाड़ गुंजने लगे झरनों और पठारों से
सुर सरिता बहने लगी है, अपने पावन धारों से
वसुंधरा भी संवरने लगी फुल केशर सरसों से
नव यौवना दुल्हन सी लगने लगी है श्रृंगारों से
मंगल परिणय होगा, ऋतु राज वसंत बहारों से
अभिनंदन होगा कोकिल भ्रमरों की गुंजारों से
शहनाइयां बजेगी, सुमंगल, सुमधुर बयारों से
दशों दिसाएं, झंकृत होंगी, इस पावन रस्मों से
कण-कण ये आनंदित होगा, सुरमई तालों से
मधुर मिलन होगा फुल चमन के गलियारों से।

- अशोक पटेल "आशु" मेघा,
धमतरी (छ.ग.) मो. नं.- 827874578

राशिफल

मेष

आज का दिन आपके तथा आपके परिवार के लिए खुशियां लाने वाला दिन है। पारिवारिक समस्याएं आज स्वयं दूर हो जाएंगी और आप अपने जीवनसाथी के साथ आनंद का अनुभव करेंगे। किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। प्रोफेशनल हैं तो कार्यक्षेत्र में प्रगति के अवसर मिलेंगे, आपमें उत्साह बढ़ेगा।

वृषभ

आपके लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। भाई- बहन से बिगड़े रिश्ते सुधारने पर आज आप सोच विचार करेंगे। इसके लिए जीवनसाथी की मदद ले सकते हैं। सड़क पर चलते समय सतर्क रहें। आज विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है, पढ़ाई में आ रहीं बाधाएं दूर होंगी, और पढ़ने में मन लगेगा।

मिथुन

सकारात्मक विचारों से दिन का प्रारंभ करें। आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के कार्यों संबंधित यात्रा हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जिससे आप प्रभावित हो कर जीवन शैली में बदलाव लाने पर विचार करेंगे।

कर्क

आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। व्यापार में अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आज किसी से उधार के लेन-देन से बचें। कुछ दिनों से चल रहे पारिवारिक समस्याएं आज जीवनसाथी की मदद से अच्छा हो जाएगा, गलतफहमियां दूर होंगी।

सिंह

आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे। घर के कार्यों में सभी सदस्यों का साथ मिलेगा। घूमने फिरने की योजना बना सकते हैं, जिससे पारिवारिक माहौल खुशहाल बना रहेगा। आज कोई मित्र मिलने घर आ सकता है, उससे निजी समस्याओं को शेयर करने से मन का बोझ हल्का होगा।

कन्या



आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। दांपत्य जीवन में भरपूर मधुरता बनी रहेगी, आप अपने परिवार के बीच सुखद समय व्यतीत करेंगे। खाद्य तथा घरेलू चीजों पर आज खर्चे हो सकते हैं। आज आप बच्चों को पार्क में ले जाएंगे, उनके साथ आप भी आनंद मनाएंगे। आपको रोजगार के उचित अवसर मिलने की संभावना बन रही है।

तुला

आज का दिन खुशनुमा रहेगा। आपका आत्मविश्वास कार्यस्थल पर दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। आज गलत राह पर ले जाने वाले लोगों से सतर्क रहे , बुद्धि और विवेक का सहारा लें और जल्दीबाजी में कोई भी निर्णय ना लें। किसी तरह की यात्रा होने के योग बने हुए हैं।

वृश्चिक

आज आपकी सृजनशील प्रवृत्ति कार्यस्थल पर आपको सम्मान दिलाएगी। आप अपनी बुद्धि और विवेक से किसी आर्थिक समस्या का समाधान खोज लेंगे, जिससे आपकी कंपनी को दोगुना लाभ होगा। उच्च अधिकारियों से सराहना एवं सम्मान प्राप्त होगा। आपका प्रमोशन की संभावना बढ़ जाएगी।

धनु

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको तरक्की के नए साधन मिलेंगे। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बनाएगी। आज आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में तरक्की सामान्य रूप से बनी रहेगी। दांपत्य रिश्ते में एक बार फिर से ताजगी भरने के लिए आज का दिन बढ़िया है।

मकर

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आप नवीन विचारों से अपने नए दिन की शुरुआत करेंगे। यात्रा के योग बन रहें हैं। परिवार के साथ किसी रमणीय स्थल पर जाने की योजना बना सकते हैं। आपका मन आज सामाजिक तथा राजनीतिक कार्यों में लगा रहेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।

कुंभ

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बन जाएगा। आज ऑफिस का काम समय से पहले पूरा हो जाने से आप घर वालों के साथ समय व्यतीत करेंगे। आज बेहतर होगा किसी को बिना आवश्यकता अपनी राय न दें। पहले दो-चार लोगों से राय जरुर लें।

मीन

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आप बहुत प्रसन्न रहेंगे। घर में संतान के रूप में लक्ष्मी का आगमन होगा। इस उपलक्ष्य पर घर में बधाई देने लोगों का आना-जाना लगा रहेगा। मित्रों के साथ बाहर मौसम का आनंद लेंगे। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है मेहनत करने से श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

रेलवे क्षेत्र की जर्जर सड़कों की गाथा लेकर आला अधिकारियों को ज्ञापन देने पहुंची विधायक

डोंगरगढ़(दावा)। रेलवे क्षेत्र की विभिन्न सड़कों की जर्जर हालत से अवगत होते हुए विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने कांग्रेसजनों के साथ रेलवे के आला अधिकारियों का ध्यान जर्जर हो चुकी सड़कों की ओर आकृष्ट कराया। विधायक श्रीमती बघेल ने नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम की उपस्थिति में कहा कि, यदि रेलवे सड़क बनाने में असमर्थ है तो, पालिका को सड़क बनाने की अनुमति प्रदान करे, ताकि आमजनों को आवागमन में सुविधा हो सके।

रेलवे स्टेशन में सोमवार को अमृत भारत स्टेशन समारोह के अवसर पर पहुची मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कार्यकर्ताओं के साथ रेलवे के सीडीईएन ईस्ट नागपुर निलेश कुमार को ज्ञापन सोपकर रेलवे कॉलोनी की जर्जर सड़कों को डामरीकरण करने की अनुमति देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि रेलवे कॉलोनी की पूरी सड़के जर्जर हो गई है।

जर्जर हो चुकी सड़कों पर आमजनों का चलना मुश्किल

रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सड़क मार्गों का उपयोग करने में,रेलवे क्षेत्र में निवासरत आम जनों विशेष कर छात्र-छात्राओं, बुजुर्ग लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों के आमजनों द्वारा भी किया जाता है। आए दिन घटना-दुर्घटना होते रहती हैं। स्थानीय रेल प्रशासन मौन धारण किया हुआ है। विडंबना है कि सभी विभाग के सभी रेल अधिकारियों का रहना भी कॉलोनी में होता है। फिर भी इसे नजर अंदाज किया जा रहा है। रेलवे सड़क बनाने में असमर्थ है तो सड़क निर्माण कार्य का खर्चा नगर पालिका द्वारा वहन किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, पूर्व अध्यक्ष धीरज मेश्राम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, रामजी तराने, अनिल मेश्राम, जितेंद्र सिंह भाटिया, कृष्णा लीलहरे, दुलीचंद बडोले, प्रमोद टेंबुरकर किरण मेश्राम, प्रमोद सिंह ठाकुर, रेखा खोब्रागड़े ललित साखरे, प्रकाश महानदी, मतीन खान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

० रेलवे, नगर पालिका को सड़क बनाने की अनुमति प्रदान करें - विधायक

कागजों में सड़क का निर्माण

रेलवे प्रशासन द्वारा रेल कर्मियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर रेलवे क्षेत्र की मुख्य सड़कों के साथ-साथ मकान में जाने वाले मार्ग पर पथ-वे का निर्माण व मरम्मत् कार्य करने के लिए भारी भरकम राशि स्वीकृत की जाती है। किंतु रेलवे के अधिकारी राजनीतिक संरक्षण के चलते सड़कों का निर्माण न कर, मात्र मरम्मत कार्य कर, स्वीकृत राशि का बंदर बाट करने में लगे हुए हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे क्षेत्र की अनेक सड़कों का कार्य चाहे वह नवीन सड़क निर्माण हो या मरम्मत कार्य उसे रेलवे के आला अधिकारी कागज मे निर्माण कर लाखों रुपए का बंदर बाट कर चुके हैं। ऐसे ही एक मामले में केंद्रीय विद्यालय से लेकर पोर्टर कालोनी तक की सड़क को कागज में निर्माण कर लिया गया था। शिकायत होने पर 6 महीना पश्चात उसे फिर से आधा अधूरा बनाया गया। शेष सड़क का निर्माण कार्य आज भी अधूरा है। रेलवे के जिम्मेदार यूनियन के जिम्मेदार पदाधिकारीयों की निष्क्रियता के कारण रेलवे क्षेत्र में निवासरत आमजनों को समुचित सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस आज

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 16वीं किश्त की राशि का होगा भुगतान

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत किसानों को 16वीं किस्त आज 28 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे जारी की जाएगी। योजनांतर्गत जिले के 1 लाख 16 हजार 292 कृषकों को 23 करोड़ 26 लाख रूपए का भुगतान उनके खाते में सीधे आधारबेस्ड प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। अभियान को और बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी होने के दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। किसानों को आधार-सीडेड बैंक खाते के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे ने बताया कि भारत सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य सभी भूमिधारक किसान परिवारों को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करना है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केन्द्र क्षेत्रीय (सेन्ट्रल रोक्टर) योजना 1 फरवरी 2019 से संचालित है।

योजना का उद्देश्य कृषकों को न्यूनतम आय सहायता प्रदान करना है। जिसकी राशि तीन समान किश्त 2000 रूपए कुल 6000 रूपए प्रति वर्ष कृषकों के बैंक खाते में अंतरित की जाती है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में सभी गांवों में ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी (वीएनओ) नामित किए गए हैं। वे पीएम किसान योजना की आधारशिला बन गए हैं। वीएनओ विमोचन समारोह में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अन्य किसान लिंक pmindiawebcast.nic.in से कार्यक्रम में शामिल हो सकते है। पीएम किसान उत्सव दिवस पर वीएनओ गांव के केंद्रीय स्थान पर किसानों की बैठक भी आयोजित करेंगे। इन स्थानों पर वीएनओ किसानों को उनके आधार-सीडेड बैंक खातों में पीएम किसान लाभ के क्रेडिट के बारे में शिक्षित कर सकते हैं और उस खाते को सत्यापित करने के लिए नो योर स्टेटस (केवाईएस) मॉड्यूल का उपयोग कर किस बैंक खाते में कितनी राशि हस्तांतरित की गई है, उनकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पीएम किसान उत्सव दिवस में ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी (वीएनओ) द्वारा ग्राम के मध्य स्थल में कृषकों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी (वीएनओ) द्वारा किसानों को उनके आधार सिडेड बैंक खातों में किश्त की राशि जारी होने के संबंध में जानकारी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह गरीबों के लिए बना वरदान - गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। कुमर्दा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस आयोजन में रस्मों रिवाजों के साथ सात जोड़ों का विवाह कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने उपहार भेंट करते हुए सभी नव युगल जोड़ी को जीवन पथ पर आगे बढ़ाने की कामना करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गीता साहू ने कहा कि आज की इस महंगाई के दौर में बेटी के विवाह के लिए विवाह करना मुश्किल हो गई है, इसलिए सरकार ने यह सामूहिक विवाह करने का उचित कदम उठाया है ताकि निर्धन व्यक्ति भी अपनी बेटी बेटा का विवाह उत्साह से कर सके। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से गरीबों को राहत मिली है। इस अवसर पर कांति भंडारी, नरेश शुक्ला, हिरदे देवांगन, गोपाल साहू, देव पेंन्द्रो, हरिला चंद्रवंशी, भूनेश्वरी साहू, प्रतिमा साहू, पार्वती साहू, रेवती साहू, रचिता नायडू महिला बाल विकास अधिकारी सहित अन्य शामिल हुए।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने नवदंपति को उपहार भेंट किए

कलेक्टर जनदर्शन में 16 आवेदन प्राप्त हुए

कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं का गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के दिये निर्देश

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतों, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 16 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर जनदर्शन में आज वि.ख. मोहला के अंतर्गत ग्राम मुदियाल निवासी श्री पतिराम ने राजिव गांधी किसान न्याय योजना की एक भी किस्त की राशि नहीं मिलने के संबंध आवेदन प्रेषित किया है। इसी प्रकार वि.ख. मानपुर अंतर्गत ग्राम घोटिया निवासी श्रीमती कुलेश्वरी सिन्हा ने अपने पति के विकलांग होने के कारण परिवारिक दायित्व निर्वहन में आ रही समस्याओं के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने संबंधी आवेदन प्रेषित किया है। उन्होंने जिले के किसी भी आश्रम या छात्रावास में भृत्य/सोईया के पद पर नियुक्त करने संबंधी आवेदन प्रेषित किया है। इसी तरह ग्राम पंचायत तेरेगांव के समस्त ग्रामवासी ने विभिन्न मूलभूत समस्या से अवगत कराते हुए पोस्ट ऑफिस भवन, पटवारी कार्यालय भवन, रंगमंच भवन, सामुदायिक भवन, नवीन हाईस्कूल, खेल मैदान निर्माण कराने के संबंध में आवेदन दिया है। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारीयों को निर्देशित किया है।

विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति दी छात्र-छात्राओं ने

बेलगांव(दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना का गायन किया।

सीमा सिन्हा नगर पंचायत छुरिया की कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत

छुरिया (दावा)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेशानुसार नगर पंचायत छुरिया के कांग्रेस पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील लारोकर को पद से पृथक करते हुए उनके स्थान पर भाजपा की श्रीमती सीमा सिन्हा को नगर पंचायत छुरिया का कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत छुरिया में नगर की सत्ता में काबिज श्रीमती राजकुमारी सिन्हा के खिलाफ भाजपा एवं कांग्रेस के पार्षदों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाकर उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। नगर पंचायत का अध्यक्ष का पद रिक्त हो जाने के चलते छ.ग. कांग्रेस सरकार ने पार्षद सुनील लारोकर को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया था । छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही लगभग तीन माह पश्चात नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेशानुसार नगर पंचायत छुरिया की भाजपा की पार्षद श्रीमती सीमा सिन्हा को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्रीमती सिन्हा के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत होते ही उनके समर्थकों ने नगर में फटाके फोड़कर खुशियां मनाई है ।

कांग्रेस का 13 वर्षों से था कब्जा

नगर पंचायत छुरिया में विगत तीन बार के चुनाव में कांग्रेस पार्टी का कब्जा था। जो लगभग तेरह वर्षों से बरकरार था। नगर पंचायत में श्रीमती राजकुमारी सिन्हा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के बाद उनके हटते ही पार्षद सुनील लारोकर का लगभग सात माह तक कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप कार्यकाल रहा था।

पीआईसी भी भंग

कांग्रेस पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष के हटते ही पीआईसी भी स्वमेव भंग हो गया है। पीआईसी में कांग्रेस के पार्षद डॉ.राधेश्याम ठाकुर, सलमान खान, लक्ष्मी यादव, साजदा खान, शामिल थे ।

सघन पल्स पोलियो अभियान 3 से 5 मार्च तक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 3 से 5 मार्च तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान अंतर्गत प्रथम दिवस 3 मार्च को जिले के निर्धारित कुल 478 बूथ पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। 4 एवं 5 मार्च 2024 को घर-घर भ्रमण कर मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, प्रशिक्षु नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्राओं द्वारा पिलाया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से पोलियो बूथ में पहुंचकर अपने बच्चों को दवा पिलाने की अपील की है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकताओं का सहयोग करने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक ली।

नेशनल लोक अदालत का 09 मार्च को होगा आयोजन, सफल बनाने हुआ बैठक का आयोजन

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर व अध्यक्ष आलोक कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार अध्यक्ष चन्द्रकुमार कश्यप तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ की अध्यक्षता में आज नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैंक, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ में हुआ।

आगामी नेशनल लोक अदालत 09 मार्च को आयोजित होने वाला है उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के संबंध में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप द्वारा आज बैंक, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग आयोजित किया गया जिसमें अनुज खरे छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, दीपक कुमार साहू आईडीबीआई बैंक, नम्रता थॉमस, पंजाब नेशनल बैंक और संदीप कुमार बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टी डी वर्मा विद्युत विभाग, मेघनाथ चंद्रवंशी प्रमोद शुक्ला, पियूष चंद्र यदु नगर पालिका, सी आर चूरेंद्र बीएसएनएल और पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू उपस्थित रहे।

उपस्थित बैंक, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के द्वारा ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रयास किए जाने के लिए जोर दिया गया एवं बताया गया कि उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु पेश किया गया है।

उल्लेखनीय है कि आगामी नेशनल लोक अदालत में व्यवहार प्रकरण यथा संपत्ति संबंधी वाद, धन वसूली संबंधी वाद, बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित मामले, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण ,मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, परिवार न्यायालय में लंबित वैवाहिक एवं अन्य मामले, विशेष न्यायालय (विद्युत अधिनियम) में लंबित प्रकरण, अन्य राजस्व संबंधी समझौता योग्य मामले का निराकरण होता है।

लोक अदालत के लाभ

लोक अदालत में प्रकरणों के निपटारे से शीघ्र न्याय मिलता हैं। लोक अदालत में निपटारा प्रकारणों में दोनों पक्षों की जीत होती है। आपसी राजीनामा के कारण मामलों की अपील नहीं होती। दीवानी प्रकरणों के परिणाम तुरंत मिलता है। दावा प्रकरणों में बीमा कंपनी द्वारा राजीनामा मामलों में तुरंत एवार्ड राशि जमा कर दी जाती है। लोक अदालत में राजीनामा करने से बार-बार अदालतों में आने से रुपयों, समय की बर्बादी व अकारण परेशानी से बचा जा सकता है। लोक अदालत में राजीनामा करने से दीवानी प्रकरणों में कोर्ट फीस पक्षकारों को वापस मिल जाती है, किसी पक्ष को सजा नहीं होती। मामले को बातचीत द्वारा सफाई से हल कर लिया जाता है। सभी को आसानी से न्याय मिल जाता है। फैसला अन्तिम होता है। फैसला के विरूद्ध कहीं अपील नहीं होती है।।

हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ

खैरागढ़ (दावा)। भारत शासन ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा है। योजना के अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। साथ ही 78 हजार तक की अधिकतम सब्सिडी एवं सस्ते व्याज पर लोन भी मिलेगा। जिससे सौर प्रणाणी को बढ़ावा मिलेगा।

क्रेडा के जिला प्रभारी ने बताया कि शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना से अधिक आय, कम बिजली और नवीन रोजगार सृजन होगा। नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि छतों पर सौर पैनल स्थापना के लिए हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता एक से 02 किलोवॉट एवं 0 से 150 यूनिट विद्युत खपत होने पर 30 हजार से 60 हजार रूपये की राशि का अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 2 से 3 किलोवॉट एवं 150 से 300 यूनिट विद्युत खपत होने पर 60 हजार से 78 हजार रूपए की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 3 किलोवॉट एवं 300 यूनिट से अधिक विद्युत खपत होने पर 78 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। शासन हितग्राहियों को बैंक खाते में सीधे दी जाने वाली सब्सिडी से लेकर रियायती बैंक ऋण सुनिश्चित की जाएगी, जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

हितग्राही प्रधानमंत्री सूर्य घर डॉट जीओवी डॉट इन या प्रधानमंत्री सूर्य घर ऐप्प डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक हितग्राही क्रेडा जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ अपना पंजीयन करा सकते है।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु क्रेडा जिला कार्यालय के उप अभियंता, सरोज ठाकुर, मोबाईल नंबर 8770863716 एवं मेघराज साहू, मोबाईल नंबर 8889741020 से प्राप्त कर सकते है।।

कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप प्रशिक्षण संपन्न

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव में अध्ययनरत कक्षा 11वी व 12वीं कृषि विज्ञान संकाय के छात्रों का इंटर्नशिप प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कक्षा ग्यारहवीं के 17 छात्र वी 12वीं के 18 छात्र कुल 35 छात्रों ने इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया।

भारत सरकार एवं राज्य परियोजना कार्यालय के आदेशानुसार कृषि विज्ञान के छात्रों को प्रत्यक्ष एवं प्रयोगात्मक अध्ययन हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षक डोमेश्वर साहू के नेतृत्व में छात्र छात्राओं का दल देवेंद्र सुलाखे के कृषि फार्म में पपीता व लौकी के पौधरोपण, रख रखाव, ड्रिप सिंचाई तकनीक, ड्रिप फिटिंग, मशीन से रासायनिक खाद का वितरण कीट प्रबंधन आदि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।विद्यालय पहुँच कर छात्रों ने अपने अनुभव प्राचार्य श्रीमती वंदना चौरे से साझा किये उक्त प्रशिक्षण को सफल बनाने में विद्यालय के व्याख्याता अपोल एक्का, सुदेश चौरसिया, विवेक मेश्राम, द्वारिका राम मण्डावी, चन्द्रमा से साहू, कु काजल यादव, खिलेश्वरी ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

मोहला ग्राम पंचायत के 20 पंचों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

मोहला (दावा)। मोहला, मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंचायत मोहला के उपसरपंच अब्दुल खालिक (जानू) के द्वारा मंडई मेले में अवैध वसूली तथा ग्राम पंचायत के सरपंच का हस्ताक्षर एवं मुंहर का दुरुपयोग करने का मामला गरमाया हुआ है, जिसके कारण ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों ने 25 फरवरी को उपसरपंच अब्दुल खालिक (जानू) को 26 फरवरी शाम 5 बजे तक इस्तीफा देने का समय दिया था। और कहा था की अगर उपसरपंच इस्तीफा नही देता है तो हम सभी वार्ड पंच 27 फरवरी को सामूहिक इस्तीफा दे देंगे उपसरपंच द्वारा इस्तीफा नही दिए जाने के बाद आज 27 फरवरी को ग्राम पंचायत मोहला के चुने हुए 20 वार्ड पंचों द्वारा सामूहिक इस्तीफा दिया गया जिसके कारण ग्राम पंचायत मोहला में राजनैतिक उथल-पुथल तेज हो गयी है। ग्राम पंचायत मोहला के वार्ड पंचों द्वारा ग्राम पंचायत के उपसरपंच अब्दुल खालिक (जानू) द्वारा अवैध वसूली व ग्राम पंचायत का लेटर पेड का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए सभी वार्ड पंच सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा। कलेक्टर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को सौंप दिए है, इस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत को अग्रेषित कर जांच के बाद इस्तीफा स्वीकार करने की बाद कही है।

इस्तीफा देने वाले ग्राम पंचायत मोहला के वार्ड पंचों ने आरोप लगाया हैं कि ग्राम पंचायत मोहला के उप सरपंच अब्दुल खालिक (जानू) ने अपने पद का दुरूपयोग कर मंडई मेला व व्यापारियों से अवैध वसूली इसके अलावा सरपंच का मुहर एवं हस्ताक्षर का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया गया है। सभी 20 ग्राम पंचायत मोहला के वार्ड पंचों द्वारा इस्तीफा दे दिए जाने से गांव का राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। अब नागरिकों की नजर इस पर है की प्रशासन द्वारा उपसरपंच पर किसी प्रकार की कार्रवाई होती है या नहीं। फिलहाल कलेक्टर ने उपसरपंच अब्दुल खालिद पर लगाए गए आरोपों की जांच के आदेश दे दिए हैं।

पहला कॉलम...

पेटीएम के चेयरमैन विजय शेखर वर्मा का इस्तीफा

मुंबई। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने पेटीएम पेमेंट बैंक के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को यह जानकारी दी है। पेटीएम पेमेंट बैंक इस समय मुश्किल समय से गुजर रहा है। विजय शेखर शर्मा बैंक के पार्ट टाइम नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन थे।

पेटीएम फाउंडर के इस्तीफा देने से पहले दो इंडिपेंडेंट डायरेक्टर बोर्ड से इस्तीफा दे चुके हैं। बैंक ऑफ अमेरिका और प्राइस वाटरहाउस कूपर्स के पूर्व कार्यकारी शिंजिनी कुमार ने दिसंबर में इस्तीफा दे दिया था, वहीं दूसरी ओर स्ब्ह्ठ की पूर्व डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर मंजू अग्रवाल ने भी बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है।

मोहम्मद शमी ने कराई सर्जरी, सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर लिखा इमोशनल पोस्ट

नईदिल्ली। इंडियन क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी सर्जरी करवा ली है. शमी लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे थे. शमी की एड़ी की सर्जरी सफल रही. उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर इसकी जानकारी दी. शमी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उनकी एड़ी का ऑपरेशन सफल रहा है, लेकिन अभी रिकवर होने में टाइम लगेगा. शमी ने पोस्ट के साथ अपनी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी सर्जरी से जुड़ा एक भावुक पोस्ट लिखा. उन्होंने ट्वीट किया, अभी मेरी अकिलिस टेंडन की एड़ी का सफल ऑपरेशन हुआ है! ठीक होने में कुछ समय लगेगा, लेकिन मैं अपने पैरों पर वापस खड़ा होने के लिए उत्सुक हूं. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मोहम्मद शमी सर्जरी की वजह से आईपीएल 2024 से बाहर हो गए थे. शमी के न खेलने से गुजरात टाइटन्स को बड़ा झटका लगा था. इसके अलावा स्टार गेंदबाज शमी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरिज भी नहीं खेल पाए थे. उनके अंतिम मैच की बात करें तो वह लास्ट बार नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप मुकाबले में भारत के लिए खेले थे.

सऊदी अरब में जमीन में दफन मिले करोड़ों डॉलर के खजाने

नई दिल्ली। खजाना खत्म होने की खबरों के बीच सऊदी अरब में जमीन में दफन करोड़ों डॉलर के खजाने का भंडार मिला है. रविवार (25 फरवरी) को सऊदी अरब की सरकार ने बताया कि तेल कंपनी अरामको को जाफुराह क्षेत्र में 15 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस मिली है. इससे देश के ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा. ऊर्जा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है. सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अबुल्लाअजीज बिन सलमान ने यह भी बताया कि आरमको के जाफुराह क्षेत्र में अतिरिक्त भंडार में 15 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस के साथ दो अरब बैरल कंडेनसेट भी मिला है. इस खजाने से ऊर्जा क्षेत्र में संसाधनों की मात्रा 229 ट्रिलियन मानक क्यूबिक फीट गैस और 75 बिलियन बैरल कंडेनसेट होने का अनुमान है. अरब न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर 2023 में भी सऊदी अरब सरकार ने बताया था कि पूर्वी प्रांत में भी प्राकृतिक गैस के दो क्षेत्रों की खोज की गई थी. बताया गया कि प्राकृतिक गैस की खोज अल-हिरन और अल-महाकेक दो कुओं में की गई थी.

भारतीय पायलट को मालदीव में मिली हेलिकॉप्टर उड़ाने की मंजूरी

नई दिल्ली। मालदीव और भारत के बीच चल रहे तनाव के बीच एक बार फिर भारत को बड़ी कूटनीतिक जीत मिली है. मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने भारतीय पायलट को मालदीव में हेलिकॉप्टर उड़ाने की मंजूरी दी है. मालदीव के इस फैसले से चीन के चिढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि चीन भारत के साथ मालदीव के संबंध को खत्म कराना चाहता है.

मालदीव के रक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि भारत की तरफ से मालदीव को दिए गए हेलिकॉप्टर को ऑपरेट करने के लिए भारतीय नागरिकों एक समूह मालदीव आ रहा है. यह हेलिकॉप्टर भारत ने मालदीव को इमरजेंसी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दिया है. इस हेलिकॉप्टर के संचालन को बंद करने पर मालदीव के विपक्षी नेताओं ने पिछले दिनों मुइज्जू सरकार की जमकर खिंचाई की थी.

शैफाली की फॉर्म में वापसी, दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्स को 9 विकेट से हराया

महिला प्रीमियर लीग 2024

बेंगलुरु। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में स्पिनर राधा यादव ने 4-20 और मारिजैन कैप ने 3-5 विकेट लिए, जबकि कप्तान मेग लैनिंग और शैफाली वर्मा ने अर्धशतक जमाए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने 33 गेंद बाकी रहते यूपी वॉरियर्स को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने ग्रेस हैरिस (17), किरण नवगिरे (10), श्वेता सेहरावत (45) और सोफी एक्लेस्टोन (6) के विकेट 4-20 के स्कोर पर लिए, जिसके बाद दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्स के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। पहले पांच ओवर के भीतर वृंदा दिनेश (0), ताहलिया मैक्ग्रा (1) और कप्तान एलिसा हीली (13) के विकेट गिर गए। यूपी वारियर्स शुरुआती झटकों से उबरने में नाकाम रही और श्वेता सेहरावत (5×4, 1×6) की लगभग 45 रनों की पारी के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स के टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करने के बाद 20 ओवरों में 119/9 रन ही बना सकी।

120 रनों के सामान्य लक्ष्य का पीछा करते हुए लैनिंग ने 43 गेंदों में 51 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने हाल के झटकों से उबरते हुए 43 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 64 रनों की पारी खेली और पहले विकेट की साझेदारी के लिए 119 रन बनाए, जिससे मैच का अंत लगभग तय हो गया। दिल्ली कैपिटल्स की जीत हुई, जो पहले मैच में मुंबई इंडियंस से हार गई थी।

लैनिंग और शैफाली ने पावरप्ले में दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन तक पहुंचाया। उन्होंने दिल्ली को 11.5 ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया और शैफाली वर्मा ने जल्द ही 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। उनकी पारी में छह चौके और तीन छक्के शामिल थे।

हिंदुजा ग्रुप की होगी अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल

मुंबई। कारोबारी अनिल अनिल अंबानी की भारी कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल अब हिंदुजा ग्रुप की हो जाएगी। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने मंगलवार को हिंदुजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड के 9,650 करोड़ रुपये के रिजोल्यूशन प्लान को मंजूरी दे दी है। आईआईएचएल ने रिलायंस कैपिटल के लिए यह प्लान पिछले साल जून में सौंपा था।

रिजर्व बैंक ने नवंबर 2021 में अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनी के खराब गवर्नेंस और पेमेंट डिफॉल्ट के मामले पर रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने नागेश्वर राव वाई को नया प्रशासक बनाया। उन्होंने रिलायंस कैपिटल का अधिग्रहण करने के लिए फरवरी 2022 में बिड्स मंगाईं।

रिलायंस कैपिटल पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज था। चार आवेदकों ने अपने रिजोल्यूशन प्लान के साथ बोलियां लगाईं। लेकिन, कोई भी बिड लेनदारों की समिति (छ्टशष्ट) की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। इसलिए उसने सभी बोलियों को खारिज कर दिया।

अब टेस्ट क्रिकेट को नजर अंदाज नहीं करेंगे भारतीय क्रिकेटर्स!

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रेड-बॉल क्रिकेट के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी भागीदारी को प्राथमिकता देने के लिए खिलाड़ियों के बढ़ते रुझान के बाद टेस्ट मैच फीस में बढ़ोतरी पर विचार कर रहा है।

बीसीसीआई इंडियन क्रिकेट प्लेयर्स के टेस्ट मैच की फीस में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रहा है।

इशान किशन की घरेलू क्रिकेट से लंबे समय तक अनुपस्थिति के बारे में सवाल उठने के बाद बोर्ड ने संभवतः मैच फीस में बढ़ोतरी का फैसला किया है।

विकेटकीपर-बल्लेबाज ने घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए टीम प्रबंधन के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया, और इसके बजाय उन्हें अगले महीने से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए बड़ौदा में वर्कआउट और अभ्यास करते देखा गया।

रिपोर्ट में एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि बीसीसीआई अतिरिक्त बोनस निर्धारित करने की प्रक्रिया में है, जो एक खिलाड़ी को पूरे सत्र में प्रत्येक टेस्ट श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने पर दिया जाएगा।

एक सूत्र ने कहा, उदाहरण के लिए, यदि कोई एक कैलेंडर वर्ष में सभी टेस्ट सीरीज़ खेलता है, तो उसे वार्षिक रिटेनर अनुबंध के अलावा अतिरिक्त रूप से पुरस्कृत किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना है कि अधिक खिलाड़ी रेड-बॉल क्रिकेट के लिए आएं।

आरबीआई ने तीन 3 बैंकों पर 3 करोड़ रुपये का ठोका जुर्माना

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर सख्त कार्रवाई ली है। इस कार्रवाई के बाद बैंकों पर लगभग 3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने अपने बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता निधि योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पर 2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

आरबीआई ने सिटी बैंक पर एनपीए अकाउंट्स से जुड़े इनकम रिकग्निशन के प्रुडेंशियल नियमों, एसेट क्लासिफिकेशन और एडवांस प्रोविजनिंग नियमों के साथ नो योर डायरेक्शन रूल के उल्लंघन के तहत 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा आरबीआई ने कुछ निर्देशों का पालन न करने पर केनरा बैंक पर 32.30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से संबंधित कुछ प्रावधानों का पालन न करने पर ओशन कैपिटल मार्केट लिमिटेड, राउरकेला, ओडिशा पर 16 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

कीवी तेज गेंदबाज नील वैगनर ने किया संन्यास का ऐलान

वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने जा रही टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने संन्यास का ऐलान कर दिया है।

नील वैगनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड की दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले ये ऐलान किया है।

37 वर्षीय खिलाड़ी सेलो बेसिन रिजर्व में पहले टेस्ट के लिए शुरुआती प्लेइंग-11 में नहीं होंगे और क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट से पहले उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाएगा।

वैंगर 27 की औसत से 260 विकेट के साथ न्यूजीलैंड के शीर्ष टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में पांचवें स्थान पर अपना करियर समाप्त करेंगे। वैगनर ने अपने 64 टेस्ट में से 32 जीते, और 22 की औसत से 143 विकेट लिए।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 2012 में ब्लैककैप्स के लिए डेब्यू किया और आईसीसी टेस्ट विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने और 2021 में उद्घाटन आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जीत के दौरान टीम के प्रमुख सदस्य थे।

वैगनर ने कहा कि संन्यास लेने का फैसला आसान नहीं था, लेकिन यह स्पष्ट था कि आगे बढ़ने का यह सही समय है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने वैगनर के हवाले से कहा, यह एक भावनात्मक सप्ताह रहा है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने फिनटेक प्रमुखों के साथ बैठक में मानदंडों के अनुपालन पर जोर दिया

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कई फिनटेक कंपनियों और स्टार्टअप के प्रमुखों के साथ बैठक की, जिसके दौरान उन्होंने आधिकारिक नियमों का सख्ती से पालन करने और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा को सर्वोपरि महत्व देने पर जोर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आरबीआई की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में हुई बैठक में गूगल पे, फोनपे, अमेज़ॅन पे और रेजरपे जैसी फिनटेक फर्मों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में भाग लेने वाले शीर्ष सरकारी अधिकारियों में वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी, डीपीआईआईटी सचिव राजेश कुमार सिंह, एमईआईटीवाई (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) सचिव एस. कृष्णन, और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर समेत अन्य शामिल थे।

जबकि सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नियामक मानदंडों के अनुपालन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उसने यह भी कहा है कि फिनटेक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देखा जाता है और इसे बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को 29 फरवरी के बाद जमा स्वीकार करने से रोक दिया था। हालांकि, पीपीबीएल के ग्राहकों (व्यापारियों सहित) के हित को ध्यान में रखते हुए इस तिथि को 15 मार्च तक बढ़ा दिया गया था, जिन्हें भुगतान करने के लिए थोड़ा और समय की जरूरत हो सकती है।आरबीआई के आदेश में कहा गया है, 15 मार्च, 2024 के बाद किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उपकरण, वॉलेट, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि में किसी भी ब्याज, कैशबैक, साझेदार बैंकों से स्वीप के अलावा कोई और जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। रिफंड जिसे कभी भी जमा किया जा सकता।

संतोष ट्रॉफी 2024 मणिपुर ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंचा, मिजोरम व रेलवे को मिली जीत

इटानगर (अरुणाचल प्रदेश), 27 फरवरी। यहां के गोल्डन जुबली स्टेडियम में सोमवार को संतोष ट्रॉफी 2024 के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल राउंड में पूर्व विजेता मणिपुर गत चैंपियन कर्नाटक को 1-0 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया।

पूर्वोत्तर की टीम ने अब अपने तीन मैचों से सात अंक जुटा लिए हैं और ग्रुप बी में तीन अंक की बढ़त बनाए हुए है। मैच का एकमात्र गोल नगांगबाम पाचा सिंह ने 50वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से किया। जबकि मणिपुर ने गेंद पर अधिक कब्ज़ा रखा, कर्नाटक ने गेंद को वाइड आउट करने और क्रॉस के लिए बॉक्स में ओवरलोड बनाने की कोशिश की।

हालांकि, पूर्व खिलाड़ी ने सोचा कि उन्होंने 21वें मिनट में बढ़त ले ली है, जब कबिराज सिंह ने अनुभवी प्रचारक सिंगम सुभाष सिंह को एक गेंद दी, जिन्होंने गेंद को कर्नाटक के कीपर के पास से खिसका कर गेंद को नेट में डाल दिया। सहायक रेफरी ने उसे ऑफसाइड करार दिया; रीप्ले से पता चला कि वह मणिपुर की रक्षापंक्ति से एक कंधे से आगे था। हाफ-टाइम ब्रेक से ठीक पहले कर्नाटक के पास अपना सर्वश्रेष्ठ मौका था जब गॉडविन जॉनसन ने बॉक्स के अंदर एक अचिह्नित विशाल आर के लिए दाईं ओर से एक क्रॉस भेजा।

मिडफील्डर ने छह-यार्ड बॉक्स के अंदर से एक जोरदार हेडर उछाला, लेकिन यह मणिपुर के संरक्षक सिद्धार्थ राणा के करीब गिरा, जिन्होंने रिफ्लेक्स डाइविंग से बचा लिया।

जॉनसन ने अपने ही बॉक्स के अंदर एक हाई-बूट टैकल किया, जैसा कि रेफरी ने इशारा किया था। नगंगबाम पाचा सिंह ने गेंद को कीपर के दाहिनी ओर डालकर मणिपुर को बढ़त दिला दी। कर्नाटक ने देर से बढ़त बनाई, उनके खेल में तत्परता हर मिनट बढ़ती गई, लेकिन इससे उनकी रक्षा में कमियां रह गईं, जिससे मणिपुर को काउंटर पर कुछ मौके मिले।

प्रथम पृष्ठ का शेष

केंद्र मार्च के पहले हफ्ते से लागू....

व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, चार साल से अधिक की देरी के बाद, सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाये जाने जरूरी हैं। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था। सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे।

बीजापुर नक्सल एनकाउंटर में ....

डीआरजी, बस्तर फाइटर और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में जांगला थाना क्षेत्र में चार नक्सली मारे गए हैं. आज सुबह सूचना के बाद टीम निकली जिसमें यह मुठभेड़ हुई. मौके से टिफिन बम सहित कई हथियार मिले हैं, नक्सलियों की शिनाख्ती की कार्रवाई चल रही है। डॉ. जितेंद्र यादव, पुलिस अधीक्षक, बीजापुर। मौके से हथियार बरामद- मौके से जो हथियार बरामद किए गए हैं. उनमें एक देसी कट्टा, चार कारतूस, एक बीजीएल लॉन्चर, एक भरमार बंदूक, तीन टिफिन बम, कॉर्डेक्स वायर, जिलेटिन स्टिक, सेफ्टी फ्यूज और वॉकी टॉकी शामिल है. इसके अलावा देसी हथियारों में तीर धनुष, कुल्हाड़ी, चाकू और मेडिकल बॉक्स शामिल है।

पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट का कंटेंप्ट...

किए गए विज्ञापनों को कोर्ट के सामने पेश किया। इसके अलावा 22 नवंबर 2023 को पतंजलि के बालकृष्ण के साथ योग गुरु रामदेव की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बारे में भी बताया। पतंजलि ने इन विज्ञापनों में मधुमेह और अस्थमा को %पूरी तरह से ठीक% करने का दावा किया था। ये प्रेस कॉन्फ्रेंस सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के ठीक एक दिन बाद की गई थी। 21 नवंबर 2023 को हुई सुनवाई में जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा था- पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करना होगा। कोर्ट ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना लगा सकता है।

0 कोर्ट का निर्देश- फिर ऐसा विज्ञापन जारी न करें- कोर्ट ने निर्देश दिया था कि पतंजलि आयुर्वेद भविष्य में ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा और यह भी तय करेगा कि प्रेस में उसकी ओर से इस तरह के कैजुअल स्टेटमेंट न दिए जाएं। बेंच ने यह भी कहा कि वह इस मुद्दे को एलोपैथी बनाम आयुर्वेद की बहस नहीं बनाना चाहती बल्कि भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों की समस्या का वास्तविक समाधान ढूंढना चाहती है। इससे पहले हुई सुनवाई में तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना ने कहा था, बाबा रामदेव अपनी चिकित्सा प्रणाली को लोकप्रिय बना सकते हैं, लेकिन उन्हें अन्य प्रणालियों की आलोचना क्यों करनी चाहिए। हम सभी उनका सम्मान करते हैं, उन्होंने योग को लोकप्रिय बनाया, लेकिन उन्हें अन्य प्रणालियों की आलोचना नहीं करनी चाहिए।

कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ....

सांत्वना दी है. परिवार के मुताबिक अंतिम यात्रा रामजी वाटिका मौलश्री विहार से निकलेगी. मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की मां के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने दुख जताया है. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भी निधन पर शोक जताया है. सीएम साय ने कहा कि हमारे कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल जी की पूजनीया माताजी श्रीमती पिस्तादेवी अग्रवाल जी के देवलोकगमन की दुखद सूचना प्राप्त हुई. प्रभु श्रीराम से मेरी प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोकसंतप्त परिजनों को संबल प्रदान करें.

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा जिनका स्नेह, आशीर्वाद मुझ पर और पूरे परिवार पर सदैव बना रहता था वो मेरी मां आज परिवार को हमेशा के लिए छोड़कर चली गई. मां का आज संध्या 7 बजे दुःखद निधन हो गया. उनकी अंतिम यात्रा कल 28 फरवरी को निवास स्थान 'रामजी वाटिका' मौलश्री विहार, रायपुर से प्रातः 10 बजे मारवाड़ी शमशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी.

धमाकेदार जीत के साथ शीर्ष पर स्मृति मंधाना की आरसीबी, गुजरात जाएंट्स की लगातार दूसरी हार

बेंगलुरू। भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने महिला प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। उसने मंगलवार (27 फरवरी) को टूर्नामेंट के पांचवें मैच में गुजरात जाएंट्स को आठ विकेट से हराया। आरसीबी ने अपने पहले मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को हराया था। दूसरी ओर, गुजरात को लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले उसे मुंबई इंडियंस ने शिकस्त दी थी।

महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में आरसीबी और गुजरात के बीच यह तीसरा मुकाबला था। अब तक दोनों टीमें एक-एक की बराबरी थीं। गुजरात ने पिछले सीजन आरसीबी को हराया था और उसके बाद उसे हार का सामना भी करना पड़ा था। अब स्मृति मंधाना की टीम ने बढ़त हासिल कर ली है। उसे लगातार लगातार दूसरी बार गुजरात को शिकस्त दी है।

आरसीबी ने 12.3 ओवर में ही मैच को जीत लिया

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। गुजरात की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 107 रन बनाए। आरसीबी ने 12.3 ओवर में दो विकेट पर 110 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

मंधाना ने बनाए सबसे ज्यादा रन

आरसीबी के लिए कप्तान स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। उन्होंने 27 गेंदों का सामना किया और 27 चौके लगाए। मंधाना की पारी में एक छक्का भी शामिल है। सब्बिनेनी मेघना 28 गेंद पर 36 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने पांच चौके और एक छक्का लगाया। एलिस पैरी ने 14 गेंद पर नाबाद 23 रन बनाए। उन्होंने चार चौके जड़े। सोफी डिवाइन छह रन बनाकर आउट हुईं। एश्ले गार्डनर और तनुजा कंवर को एक-एक सफलता मिली।

गेंदबाजी में मोलिनेक्स ने किया कमाल

इससे पहले गुजरात के लिए दयालन हेमलता ने सबसे ज्यादा नाबाद 31 रन बनाए। हरलीन देओल ने 22 और स्नेह राणा ने 12 रन बनाए। इन तीनों के अलावा कोई भी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर सकी। वेदा कृष्णमूर्ति नौ, कप्तान बेथ मूनी आठ, एश्ले गार्डनर सात, फीबी लिचफील्ड पांच और कैथरीन ब्राइस तीन रन बनाकर आउट हुईं। तनुजा कंवर ने नाबाद चार रन बनाए। आरसीबी के लिए सोफी मोलिनेक्स ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। रेणुका सिंह ठाकुर को दो सफलता मिली। जॉर्जिया वेयरहम ने एक विकेट लिया।

अंक तालिका में शीर्ष पर आरसीबी

इस जीत के साथ ही आरसीबी के दो मैच में चार अंक हो गए। उसने 45 गेंद शेष रहते ही मैच को जीत लिया। इससे उसका नेट रनरेट काफी बेहतर हो गया है। आरसीबी की टीम अब शीर्ष पर पहुंच गई है। उसका नेट रनरेट +1.665 है। उसने मुंबई (दूसरे) और दिल्ली कैपिटल्स (तीसरे) दोनों को पीछे छोड़ दिया। यूपी वॉरियर्स और गुजरात को अब तक एक भी जीत नसीब नहीं हुई है। यूपी चौथे और गुजरात पांचवें स्थान पर है।

आयुष्मान भारत अंतर्गत जिले के छूटे हुए पात्र राशनकार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों का किया जा रहा शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन

कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड पंजीयन के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जिले के छूटे हुए पात्र राशनकार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा रहा है। जिले में कुल 9 लाख 37 हजार 958 पात्र राशन कार्डधारी परिवारों में से 8 लाख 32 हजार 553 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन किया गया है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 88.80 प्रतिशत हैं। इसके संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए शेष 1 लाख 5 हजार 405 हितग्राहियों का आयुष्मान मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से शत-प्रतिशत पंजीयन कराने सभी जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आयुष्मान मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के बसोड़ ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज राशन कार्ड एवं आधार कार्ड है। आयुष्मान भारत के श्री ऐश्वर्य ने बताया कि सर्वप्रथम प्लेस्टोर से आयुष्मान एप व आधार फेस आईडी एप डाउनलोड करें। आयुष्मान ऐप में लॉगिन पर जायें बेनिफिसरी विकल्प चुनें, अपना मोबाईल नंबर दर्ज करें एवं ओटीपी डालकर लॉगिन करें। स्टेट छत्तीसगढ़, स्कीम राशन कार्ड विकल्प का ही चयन करें, सर्च बाय-फैमली आईडी, डिस्ट्रीक्ट- राजनांदगांव, फैमली आईडी- राशन कार्ड नंबर दर्ज कर सर्च करें। परिवार के सदस्यों की जानकारी प्रदर्शित होंगी, जिन सदस्यों का नाम हरे रंग में प्रदर्शित होगा उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है एवं जिन सदस्यों का नाम नारंगी रंग में होगा, उनका आयुष्मान कार्ड बनाना होगा, जिसके लिए उनके नाम के सामने डू ई-केवायसी विकल्प प्रदर्शित होगा। डू ई-केवायसी विकल्प का चयन करें, आगे आधार एथेनटिकेशन सत्यापन हेतु 4 विकल्प प्रदर्शित होंगे, आधार ओटीपी, फेस ऑथ, फिंगर प्रिंट, ईरीस स्कैन यदि आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नम्बर उपलब्ध हैं, फेस ऑथ विकल्प का चयन करें और यदि आधार से लिंक मोबाईल नम्बर उपलब्ध या बंद हो गया हो तो फेस ऑथ विकल्प का चयन कर आधार सत्यापन का कार्य पूर्ण करें। आधार सत्यापन के उपरांत कैप्चर फोटो विकल्प पर जाकर अपना फोटो अपलोड करना होगा। इसके पश्चात् अपना पता व मोबाईल नम्बर की जानकारी भरकर सबमिट बटन करें। इस प्रकार सबमिट करते ही आपके आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी, जिसे अप्रूवल हो जाने के बाद आप स्वयं अपना आयुष्मान कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। आयुष्मान कार्ड पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर नजदीकी शासकीय अस्पतालों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन दीदी या च्वॉइस सेंटर संचालकों से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा सकता है। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र अंतर्गत समस्त च्वॉईस सेंटर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, लखोली, मोतीपुर एवं पुराना अस्पताल गुरूद्वारा चौक में भी जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बना सकते हैं।

भागवत कथा में भगवान राम-कृष्ण नाम जप महिमा को बताया

खैरागढ़ (दावा)। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में पं. कृष्णधर दीवान भागवताचार्य राजा परपोडी ने व्यासपीठ से भगवान राम कृष्ण नाम जप महत्तम को विस्तार से बताया। अखिल भारतीय वैष्णव सेवासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने व्यासपीठ पर भागवताचार्य पं कृष्णधर दीवान को शाल श्रीफल आदि भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। जय मां काली बिंदास उत्सव समिति बईलापसरा छुईखदान द्वारा 22 फरवरी से एक मार्च तक आयोजित भागवत कथा में 26 फरवरी 24 को वामनावतार, भगवान राम कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से संगीतमय वात्सल्य भाव से नृत्य करते हुए मनाकर बाल गोपाल बच्चों के साथ दहीलूट का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। भक्तों को भागवत महापुराण कथा में गौकरण महत्तम, परीक्षित कथा, बारह अवतार, सृष्टि वर्जन, ध्रुव चरित्र, पृथु, जडभरत, भक्त प्रहलाद चरित्र सहित वामनावतार भगवान राम कृष्ण अवतार आदि कथा दर्शन व्याख्या को सरल भाषा में समझाया। 27 फरवरी को बाल लीला गोवर्धन लीलाओं सहित रुक्मणी मंगल परिणय है। 28 फरवरी को सुदामा चरित्र, 29 फरवरी को गोलोक गमन, परीक्षित मोक्ष कथा पश्चात एक मार्च को तुलसी वर्षा, गीता पाठ, पूर्णाहुति भंडारा कार्यक्रम आयोजित है। शहर में राधे राधे, जय गोपाल उद्घोष वातावरण एवं संगीतमय कथा में बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल रहते हैं। रानी मंदिर समिति छुईखदान के लतारानी लाल जे के वैष्णव ने भक्त जनों से उपस्थिति की अपील की है।

कॉन्फ्लुएंस कालेज में दो दिवसीय आत्म सुरक्षा शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुऐंस कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित जिला पुलिस विभाग के संयुक तत्वाधान में कुफू, कराटे, मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण निःशुल्क रखा गया। महाविद्यालय के बालक एवं बालिकाओं ने पुलिस विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला में विभाग के अनुभवी प्रशिक्षणकर्ताओं की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने ट्रेनिंग ली।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में उपस्थित एएसपी सुरेशा चौबे के स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से छात्रों में आत्मविश्वास विकसित होता है क्योंकि वर्तमान परिस्थिति में महिलाओं को अपनी सुरक्षा की अत्यधिक चिंता होती है परिवार के लोग भी बच्चियों के प्रति चिंतित होते हैं, जब भी स्कूल या कॉलेज जाते हैं। इस दृष्टि से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षा के प्रति आत्मनिर्भर बनाएगा।

मुख्य अतिथि एएसपी सुरेशा चौबे, पुलिस विभाग ने अभिव्यक्ति ऐप, साइबर अपराध से संबंधित जानकारी के साथ-साथ दो दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कुंफु, कराटे मार्शल आर्टस प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया, जिससे असामाजिक तत्वों से बच्चियां अपनी सुरक्षा कर पाएंगे विपरीत एवं विकट स्थिति में इस प्रकार के लोगों से बचा पाएंगे, अपनी समस्या को दूर भगा पाएंगे, यदि विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाता है तो वो भी और समाज के अन्य लोग सुरक्षित होंगे जिससे भयमुक्त वातावरण तथा आत्मविश्वास भी अधिक, होगा बालिकाएं अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकेंगे कुंफू, कराटे, मार्शलआर्ट के प्रशिक्षण शिविर का संचालन करते हुए महिला प्रकोष्ठ के प्रभारी ने कहा कि महाविद्यालय एवं विद्यालय में ऐसा पहल करने से विद्यार्थियों में खासकर छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और समाज में बुराइयां घटेगी।

डॉ. उमेंद चंदेल की पुस्तक का हुआ विमोचन

खैरागढ़ (दावा)। रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ के हिंदी विभाग के तत्वावधान में विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ.उमेंद कुमार चंदेल की पुस्तक 'रागेय राघव के कथा साहित्य में लोक संस्कृति' का विमोचन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन के साथ ही अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। इसके उपरांत पुस्तक का विमोचन फीता खोलकर सभी अतिथियों की मुस्कुराहट के साथ हुआ। विमोचन के बाद पुस्तक पर आमंत्रित विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये। सबसे पहले वक्ता के रूप में डॉ.जयति विश्वास प्रभारी प्राचार्य छुईखदान महाविद्यालय ने रागेय राघव के विपुल साहित्य पर प्रकाश डाला और रचनाकार डॉ.उमेंद चंदेल के संघर्ष को रेखांकित किया। दूसरे वक्ता शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ की अतिथि व्याख्याता डॉ. मेधाविनी तूरे ने बताया कि उमेंद मेरा प्रिय शिष्य रहा है और उन्होंने मुझसे पहले पुस्तक प्रकाशित कराया, इसके लिए उन्होंने शुभकामनाएं प्रेषित की। जनप्रतिनिधि विप्लव साहू ने शेरों व शायरियों के माध्यम से अपनी बात रखते हुए पुस्तक प्रकाशन को एक महत्वपूर्ण कार्य माना। पत्रकार अनुराग तूरे ने बताया कि उमेंद में आगे बढ़ने की ललक और लगन है। उन्होंने रचनाकार चंदेल को गुदड़ी के लाल कह कर संबोधित किया। महाविद्यालय के ग्रंथपाल जे.के.वैष्णव ने शोध के महत्व को बताते हुए बाकी विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा ग्रहण कर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया और डॉ.उमेद चंदेल और हिंदी विभाग की उपलब्धि पर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। सुश्री एस.मधुर वाणी ने बताया कि एक गांव का लड़का भी इन चीजों को प्राप्त कर सकता है अगर उसमें लगन व ईमानदारी हो तो। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राजन यादव ने बताया कि उमेंद में पहले क्या था और अब क्या है। श्री यादव ने बताया कि इन्होंने मेरे ही निर्देशन में पीएचडी भी किया है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आडवाणी ने महाविद्यालय के लिए इसे गौरवमय क्षण बताया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ.जीवन यदु ने लोक के मर्म को बताते हुए डॉक्टर उमेंद चंदेल को आगरा, राजस्थान की लोक संस्कृति और छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का तुलनात्मक अध्ययन करके एक नई पुस्तक लिखने का सलाह और सुझाव दिया उन्होंने विस्तार से लोक और शास्त्र के संबंध को परिभाषित किया।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभाग अध्यक्ष यशपाल जंघेल ने किया। संचालन करते हुए जंघेल ने उमेंद चंदेल के लोक से जुड़ाव के विषय में बताया कि वह खुद जस व भजन गाते हैं और जस पार्टी का सफल संचालन भी चंदेल करते हैं। पुस्तक शब्द की उत्पत्ति को उन्होंने विस्तार से बताया। अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए डॉ.उमेंद कुमार चंदेल ने सभी गुरुजनों, महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, नवीन कन्या महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के प्रति भी आभार जताया। साथ ही नाथूराम निषाद के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट किया। अतिथियों ने डॉ. उमेंद चंदेल को मोमेंटो, श्रीफल, साल, डायरी और कलम भेंट कर प्यार, स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया।

कमला कॉलेज का धनलक्ष्मी पेपर मिल के साथ एम.ओ.यू.

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के दिशा-निर्देशन में डोंगरगांव के धनलक्ष्मी पेपर मिल के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये गये। महाविद्यालय की छात्राओं को अपने संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया जाएगा, जिससे छात्राओं में अपना स्वयं का व्यवसाय विकसित करने की प्रेरणा जागृत हो सके।

साथ ही साथ डोंगरगांव पेपर मिल के संचालकों एवं विशेषज्ञों के साथ मिलकर महाविद्यालय में कार्यशाला एवं सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं को इंडस्ट्रीज से लिकेज करने की दिशा में यूजीसी एवं शासन के निर्देशानुसार इस प्रकार के अनुबंध किये जाते है। डोंगरगांव पेपर मिल के संचालक विनोद लोहिया ने कहा कि महाविद्यालय छात्राओं की उन्नति हेतु वे और उनका संस्थान सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के नैक कोआर्डिनेटर डॉ. एच के गरचा, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव एवं डॉ. बसंत कुमार सोनबेर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कमिश्नर सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज जिले के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

- निर्माणाधीन सिद्धबाबा जलाशय, रश्मिदेवी जलाशय सहित हाईटेक नर्सरी कुकुरमुड़ा का लिया जायजा
- सवा दो सौ करोड़ की लागत से किया जा रहा सिद्धबाबा जलाशय का निर्माण
- तहसील कार्यालय छुईखदान में राजस्व अभिलेखों एवं दस्तावेजों के रख रखाव का बारीकी से किया अवलोकन

खैरागढ़ (दावा)। कमिश्नर सत्यनारायण राठौर आज खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के प्रवास पर थे,सर्व प्रथम उन्होंने रश्मि देवी जलाशय का निरीक्षण कर पर्यटन की संभावनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा भी उपस्थित थे।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बताया की बांध 143 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है, जिसकी जलभराव क्षमता 45 एमसीएम है, बांध से 7052 हेक्टेयर सिंचाई के साथ लगभग 49 गांव लाभान्वित हो रहे है। सिंचाई हेतु छोटे बड़े सब मिला के कुल 78 वृद्ध नगर का निर्माण किया जा रहा है। बांध घूमने आप पास क्षेत्र के अलावा अन्य जिलों से भी लोग घूमने आते है। उन्होंने बताया की जलाशय घूमने आने वाले पर्यटकों की दृष्टिकोण से जलाशय को और अधिक विकसित किया जा सकता है। इस दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता की मांग पर बांध घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए पीने योग्य पानी हेतु 2 बार खनन करने के निर्देश दिए। कमिश्नर सत्यनारायण राठौर ने निर्माणाधीन सिद्धबाबा जलाशय का भी निरीक्षण कर भौतिक स्थिति को जाना एवं भविष्य की कार्य योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा किए। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता मनोज कुमार पराते ने बताया कि सिद्धबाबा जलाशय से तीन जिलों के कुल 34 गांव लाभान्वित होंगे। जिसमें खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के छुईखदान विकासखंड के 19 गांव को लाभ मिलेगा। इसके अलावा शेष 15 गांव बेमेतरा और दुर्ग जिले के अंतर्गत आते है। साथ ही सिद्धबाबा जलाशय का निर्माण होने के बाद मुख्य तथा लघु नहरों में निर्मित 21 बांधों में किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए पानी की पूर्ति की जाएगी। इसके अलावा जिला बेमेतरा के 8 और दुर्ग के 3 जलाशय में सिद्धबाबा जलाशय के माध्यम से पानी पूर्ति कर किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

कमिश्नर सत्यनारायण राठौर ने तहसील कार्यालय छुईखदान में निरीक्षण उपरांत उन्होंने सीमांकन, नामांतरण एवं बंदोबस्त सुधार, आर.बी.सी. 6(4) सहित राजस्व से संबंधित दस्तावेजो एवम प्रकरणों की जांच कर लंबित मामलों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने समस्त लंबित राजस्व मामलो को निम्नानुसार समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्री राठौर को वकीलों ने दिनचर्या के कमकाज में आ रही समस्याओं से अवगत कराया।

पीएम के हाथों डोंगरगढ़ स्टेशन के जीर्णोद्धार का वर्चुअल उद्घाटन

- पर्यटन क्षेत्र के रूप में उभरते डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन को मिली बड़ी उपलब्धि
- स्थानीय मूलभूत सुविधाओं को नजरअंदाज करने वाले जनप्रतिनिधियों ने प्रायोजित कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया

० ओवर ब्रिज व अंडरपास सहित कई सौगात

डोंगरगढ़(दावा)। अमृत मिशन योजना के तहत देश के अन्य स्टेशनों की तरह डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार हेतु अनेक कार्यों का लोकार्पण व अनेक निर्माण कार्यों का भूमिपूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व आमजनों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं रेलवे विद्यालय के छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम एवं नृत्य संगीत और छत्तीसगढ़ की लोक कला को प्रस्तुतिकरण कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामि बघेल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा घासी साहू, एवं महिला सशक्तिकरण के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली फुलबासन बाई ने उपस्थिति दर्ज कराकर वर्चुवल कार्यक्रम के माध्यम से अधुनिक विकसित भारत के इस महा आयोजन के साक्षी बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये अतिथियों ने प्राधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत देश के 554 रेलवे स्टेशनों के अलवा अन्य 1500 निर्माण कार्यों सहित स्वास्थ्य शिक्षा और भारत को विश्व पटल पर एक अनोखी पहचान बनाने वाले सरकार की अन्य योजनाओं को भी अपने माध्यम से उपस्थित जनों के समक्ष रखा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 41 हजार करोड़ की लागत से देश भर के 554 रेलवे स्टेशन एवं 1500 रोड ओवरब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास, उदघाटन के तहत आज डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में वर्चुवल लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्थानीय रेल प्रबंधक द्वारा प्लेटफार्म नं 03 से लगे पुराने शेड के नीचे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अमृत स्टेशन योजना के तहत रेलवे अंग्रेजी माध्यम स्कूल के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव के लाईव कार्यक्रम के पूर्व देश के मुख्य रेलवे स्टेशन के कायाकल्प व केन्द्र सरकार की सोच के अनुरूप अधुनिक भारत की लघु फिल्म के माध्यम से विकसित भारत 2047 के रूपरेखा के साथ एक नये भारत के निर्माण के हाई तकनीकी पद्यति से नये रेल मार्ग टर्मिनल, बुलेट टेन व कई सुविधाजनक ट्रेनों के विस्तार के बारे बताया गया। उक्त कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे से आरंभ हुआ और दोपहर 2 बजे सीनियर डिविजन के निलेश कुमार ने अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नारायण अग्रवाल, भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़ अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को इस महाआयोजन की बधाई दी। कार्यक्रम में रेलवे से संबंधित अधिकारी पद्मानभ शास्त्री, रेलवे स्टेशन मास्टर एके मंडल, अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम, आईटीबीपी के मुख्य अधिकारी नीरज कुमार बंजारी, नुरूद्दीन मिठानी, सुदेश मेश्राम, धीरज मेश्राम, तरूण हत्थेल, अनिल मेश्राम, योगेश अग्रवाल, परविंदर सिंह मोन्टी, रामकृष्ण कन्नौजिया, अमित छाबड़ा, तुलसी मिश्रा, राम आश्रय, प्रमोद ठाकुर, रोसु भाटिया, मिलिंद टेम्बुरकर, शैलेस डोंगरे, दशरथ ठाकुर, अशोक साहू, प्रिंस कक्कड़, मिलिंद टम्भुनिकर, गिरीश साहू, राम साय डडसेना, नरेश करसे, नरेश रामटेके, धन्ना गनविर, संजय रामटेके, जितेन्द्र हिरवानी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी रेलवे क्षेत्र में निवासरत लोगों को मूलभूत सुविधाओं प्रदान करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। यही कारण है कि बुधवारी अंडर ब्रिज मार्ग वर्षों से बंद पड़ा है। रेलवे क्षेत्र की विभिन्न सड़के जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। जिससे आम जनों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं प्रोग्रामर्स को दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके तहत विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए एक ओर जहां टीमों का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों के संपादन के लिए उन टीमों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आगामी लोकसभा 2024 के लिए इलेक्शन सीजर मॉनिटरिंग सिस्टम (ईएसएमएस), सी-विजिल, इनकोर के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं प्रोग्रामर्स को भारत निर्वाचन आयोग के तकनीकी विंग द्वारा ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव अश्वन पुसाम, एसडीएम डोंगरगढ़ गिरिश रामटेके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में तकनीकी प्रोग्रामर्स को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन की घोषणा एवं अधिसूचना जारी होने के पश्चात अभ्यर्थियों के नामांकन आवेदन पत्रों की एण्ट्री, क्रमबद्धता, नाम वापसी के पश्चात उनकी संवीक्षा एवं उनसे जुड़ी प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ पत्रों के इन्द्राज, रैली, कार्यक्रम, सभा, ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित सभी प्रकार के अनुमति, इसके लिए तय की गई समय-सीमा और उस समय-सीमा में प्रदाय अनुमति आदि की जानकारी दी गई।

सूने मकान में हुए 10 लाख की चोरी के आरोपी 24 घंटे के अंदर धरे गए

राजनांदगांव (दावा)। शहर के महेंद्र नगर में 26 फरवरी की बीती रात हुई लाखों रूपए नगदी व सोने-चांदी के जेवरातों की चोरी के आरोपियों को बसंतपुर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर धरे दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों रुपए के जेवरात एवं नगदी बरामद किया है।साथ ही आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार की भी बरामदगी की है।

चोरों के पकड़े जाने पश्चात पुलिस कंट्रोल रूम में ली गई प्रेस वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल ने बताया कि महेंद्र नगर में सुमीत सेठिया के यहां हुई चोरी में शाहरुख खान व दो अन्य शातिर चोर शामिल हैं। उक्त चोर उत्तर प्रदेश के बदायू जिले से स्वीफ्ट कार से आकर सूने मकानों को टारगेट बनाकर चोरी किया करते थे फिलहाल प्रकरण के तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि महेंद्र नगर निवासी प्रार्थी सुमित सेठिया पिता स्व. उत्तम चंद सेठिया उम्र 40 साल ने थाने आकर रिपोर्ट कराया कि रविवार 25 फरवरी की प्रातः 4 बजे इसके सूने मकान में अज्ञात चोर द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर आलमारी में रखे नगदी रकम एवं सोने के आभूषण कुल कीमती 9,50,000 रूपये को चोरी कर ले गया है। इस पर थाने में धारा 457,380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को तत्काल सूचना दी गई और उनके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस व नगर पुलिस अधीक्षक अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन पर एक टीम गठित की गई जिसमें उनके स्वयं सहित विवेचना अधिकारी डेजलाल माण्डले एवं प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा व उनकी सायबर टीम शामिल थे। टीम द्वारा विवेचना के दौरान घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया और घटना स्थल के आपपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला गया। जिसमें तीन अज्ञात आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त एक सिल्वर रंग का मारूती स्वीफ्ट, कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल-सी होना पाये जाने से उक्त संदिग्ध वाहन के संबंध में जिले के समस्त टोल प्लाजा को चेक किया गया। जो उक्त वाहन को सीसीटीव्ही अवलोकन पर रायपुर, दुर्ग की तरफ से राजनांदगांव आना पाया गया। वरिष्ठ अधिकारीगणों के निर्देशन पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त थाना/चौकी प्रभारी को नाकाबंदी हेतु सूचित कराया गया।

पुलिस ने की चोरी गयी रकम व सोने चांदी के जेवरात की बरामदगी

यूपी से स्वीफ्ट कार में आकर चोरी कार्य को देते थे अंजाम

खंगाले गए सीसी टीवी फुटेज

अज्ञात आरोपीगणों के पतासाजी हेतु जिला दुर्ग के कुम्हारी एवं रायपुर व बिलासपुर के मध्य में लगे टोल प्लाजा में लगे सीसीटीव्ही कैमरा का अवलोकन करने पर आरोपीगण घटना में प्रयुक्त कार जिला कबीरधाम की तरफ जाने की जानकारी मिली थी। थाना बोड़ला जिला कबीरधाम के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा नाकेबंदी के दौरान मामले में आरोपीगण घटना में प्रयुक्त एक सिल्वर रंग का मारूती स्वीफ्ट कार क्रमांक डीजल 9 सी ए एल 4079 को छोड़कर मामले में चोरी की मशरूका को साथ लेकर फरार हो गये थे। जो आरोपी के वाहन नंबर के आधार पर कबीरधाम पुलिस की जानकारी के आधार पर तत्काल थाना बसंतपुर व सायबर की टीम गठित कर मण्डला, जबलपुर की ओर आरोपी के होने की अंदेशा पर जबलपुर जी.आर.पी. को सूचना दी गई जो बताये गये संदेहियों के हुलिया के आधार पर जी.आर.पी जबलपुर द्वारा तीन संदेहियों को पकड़ा गया।

आरोपियों की पहचान

राजनांदगांव पुलिस तत्काल मौके पर जबलपुर रेल्वे पहुँचकर संदेहियों की शिनाख्त की गई व आरोपियों की पहचाना जिससे उन्हें बसंतपुर थाना में चोरी के मामले में संलिप्त होना पाया गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम राजा खान पिता सफदर खान उम्र 25 साल निवासी कबूलपुरा थाना कोतवाली जिला बदायू, बिलाल खान उर्फ फिरोज खान पिता खिलाफत उर्फ लियाकत खान उम्र 24 साल निवासी मल्हूपुरा, मुजफ्फरनगर, शाहरूख खान पिता नन्हे खान उम्र 24 साल निवासी मोहल्ला सौदा सौथा के पास बदायूं थाना कोतवाली है। फिलहाल आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

जिले में जाम धान उठाव के लिए रायपुर में डटे समिति प्रबंधक

विभाग द्वारा कल तक उठाव करने का एक मुश्त डीओ जारी... 29 तक उठाव पूरा कर लेने का दावा

राजनांदगांव (दावा)। फरवरी माह के 4 तारीख को समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य बंद हो चुका है। इसके बीसौंधी पूरा होने के बाद भी विभिन्न सोसायटियों में लगभग दो लाख क्विंटल धान का उठाव नहीं हो पाया है।

परिवहन की गति धीमी होने के कारण उक्त धान सोसायटियों में पड़े होने से समिति प्रबंधकों के समक्ष सूखत का अंदेशा बना हुआ है वहीं धान को चूहे आदि के चट कर जाने का भी खतरा है। इससे लेकर समिति प्रबंधक जिला प्रशासन व विपणन संघ सहित खाद्य विभाग को लगातार ध्यान आकृष्ट कर रहे थे, ज्ञापन सौंपा जा रहा है लेकिन परिवहन की दिशा में गंभीरता नजर नहीं आने से जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के लोग स्थानीय प्रशासन व सम्बंधित विभाग पर दबाव बनाने के लिए राजधानी रायपुर में डेरा डाले हुए है।

पौने दो लाख क्विंटल धान जाम

बता दे कि नांदगांव जिले में 98 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है जबकि मोहला-मानपुर, खैरागढ़-गंडई जिले में सबसे ज्यादा हालत खराब है। सूत्रों की माने तो इस जिलों में 70 प्रतिशत धान का उठाव नहीं हुआ है। उपरोक्त जिले के पटेवा, भैंसातरा, मुरमुंदा, घुमका आदि क्षेत्र में धान का उठाव नहीं होने से प्रबंधकों के सामने सूखत का खतरा मंडरा रहा है। बताते चले कि राजनांदगांव जिले में उठाव की गति शुरूआत से बेहतर रही लेकिन केसीजी और एमएमसी जिले में उठाव कमजोर रहा।

सूत्रों की माने तो इस क्षेत्रों के खरीदी केन्द्रों में एक लाख 70 हजार क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है जिसे उठाने के लिए 29 फरवरी का लक्ष्य रखा गया है और दावा किया जा रहा है कि दो दिनों में शेष धान का उठाव पूरा कर लिया जाएगा। यहां समिति प्रबंधकों के लिए राहत भरी खबर है। लेकिन प्रबंधकों को उक्त दावे पर विश्वास नहीं हो रहा। यही वजह है कि महिने भर से सूखत के लिए चिंति प्रबंधक दबाव बनाने के लिए राजधानी में डेरा डाले हुए है।

किसानों ने दोबारा बेचे धान

ध्यान रहे कि एक नवम्बर को समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी शुरू की गई थी। इसी बीच विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा की गई घोषणा अनुरूप इसे 21 क्विंटल किया गया। इससे किसानों को दोबारा धान बेचने का मौका मिला। इसके चलते केन्द्रों में डेढ़ गुना अधिक धान पहुंचा। तीन माह धान खरीदी करने के बाद अंतिम तिथि 31 जनवरी से 4 फरवरी की गई। खरीदी समाप्त होते ही उठाव में पर्याप्त रूप से तेजी नहीं आई थी। हालांकि राजनांदगांव जिले में लगभग पूरा धान का उठाव हो चुका था। लेकिन दोनों नए जिले में हालत खराब रही। यहां पौने दो लाख क्विंटल धान अभी भी शेष है। इसके कारण समिति प्रबंधकों ने सूखत के साथ-धान को दीमक व चूहों से खतरा होने की सूचना ज्ञापन के माध्यम से दी थी। किन्तु सुनवाई नहीं होने से वे सभी रायपुर की राह लिए है। अब देखना है कि दावे के अनुसार 29 फरवरी तक लगभग दो लाख क्विंटल धान का उठाव हो सकता है अथवा नहीं।

भाजपा राज आते ही नागरिकों को दौड़ा रहा निगम प्रशासन-कुलबीर सिंह

राजनांदगांव (दावा)। सत्ता परिवर्तन होते ही प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश में संचालित राशन कार्डों के नवीनीकरण के पश्चात जिला प्रशासन के निर्देशन पर वार्डों में शिविर के माध्यम से नए राशन कार्ड का वितरण शुरू किया जा रहा है किन्तु चार से पांच-वार्ड का राशन कार्ड एक स्थान पर वितरण किया जा रहा है। अधिकतर लोगों का राशन कार्ड आया ही नहीं है। इन हितग्राहियों को बुलाकर भटकाया जा रहा है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर निगम आयुक्त को पत्र लिखा है।

राशनकार्ड के नवीनीकृत कार्ड को तीन-चार वार्ड दूर जाकर लेना पड़ रहा नागरिकों को

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार के आदेशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डों के नवीनीकरण किया गया पश्चात जिला प्रशासन के निर्देशन पर शहर के वार्डों में शिविर के माध्यम से नए राशन कार्ड का वितरण शुरू किया गया है। जिसके तहत शहर वार्डों में स्थल पर चयन कर एक स्थान से राशन कार्ड वितरित किया जाना चाहिए था, किन्तु निगम प्रशासन 04 से 05 वार्डों के नागरिकों को भटकाने व परेशान करने को लेकर किसी एक वार्ड के स्थान से राशन कार्ड का वितरण किया जा रहा है जिसके कारण दूसरे वार्ड के नागरिकों को अपने-अपने वार्ड से दूर जाकर राशन कार्ड लेना पड़ रहा है जिसके कारण नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही वहीं कई हितग्राहियों का राशन कार्ड बनकर नहीं आया है करके निगम कर्मचारियों द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। इसी तरह कई नवीनीकृत राशन कार्डों में राशन दुकान के क्रमांक भी बदल दिए गए है। जिसके कारण राशनकार्डधारी हितग्राही काफी नाखुश नजर आ रहे है। इसी तरह एपीएल राशनकार्ड धारियों से नवीनीकरण कर नए कार्ड लेने पर 10 रूपए लिया जा रहा है जो न्यायसंगत उचित नहीं है। श्री छाबड़ा ने निगम आयुक्त को लिखे पत्र में साफ-साफ शब्दों कहा है कि भाजपा राज आते ही निगम की इस कार्यप्रणाली से जनता के परेशानी का दौर निगम प्रशासन ने शुरू कर दिया है। यदि यह व्यवस्था तीन दिन के भीतर नहीं सुधारी जाती है तो हम कांग्रेसजनों द्वारा राजनांदगांव के विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह के कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

टूटी झोपड़ी में बना दी पक्की दुकान, कालोनी का रास्ता ब्लॉक, कलेक्टर से शिकायत

राजनांदगांव(दावा)। स्टेशनपारा ओवरब्रिज के नीचे टूटी झोपड़ी में पक्का दुकान बनाने का मामला सामने आया है। इससे मुदलियार कालोनी जाने वाला रास्ता ब्लॉक हो गया है। इसकी शिकायत शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष आसिफ अली, वार्ड पार्षद मधुकर वंजारी और सिद्धार्थ डोंगरे ने कलेक्टर से की है।

शिकायत में आसिफ अली, मधुकर वंजारी व सिद्धार्थ डोंगरे ने बताया कि स्टेशनपारा ब्रिज के नीचे वार्ड क्रमांक 7 व 11 ओवरब्रिज के नीचे मुदलियार कालोनी जाने वाले रास्ते में काफी पुरानी झोपड़ी थी, जिसमें रहने वाले वृद्ध की मौत हो गई। इसके बाद एक स्थानीय व्यक्ति ने उक्त झोपड़ी को खुद की निजी संपत्ति बताकर किसी अन्य को बेच दिया। जिसमें अब पक्की दुकान का निर्माण कर लिया गया है। इससे मुदलियार कालोनी जाने वाला रास्ता ब्लॉक हो गया है।

कालोनी में रहने वालों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। जिससे वार्ड के लोग मामले की शिकायत स्थानीय पार्षद से कर रहे हैं। शिकायत में उक्त पार्षदों व ब्लाक अध्यक्ष ने मामले की जांच करने और अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। वहीं वृद्ध के कब्जानुमा झोपड़ी को निजी संपत्ति बताकर बेचने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मामले की शिकायत कलेक्टर संजय अग्रवाल के अलावा निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त मोइन अली से भी की गई है। शिकायत के दौरान शेख अनीश, संदीप सोनी, राहुल गजभिए, राहुल गनवीर, अंकित त्रिपूणे सहित वार्डवासी मौजूद थे।

सोनेसरार निवासी अधेड़ की पत्थर से कुचल कर हत्या, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड थाना क्षेत्र अंतर्गत मलईडबरी बाजार में 26 फरवरी की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने निकटस्थ ग्राम सोनेसरार निवासी अधेड़ की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। हत्या इतनी वीभत्स थी कि मृतक की शव पहचाने नहीं जा रहा था।

तुमड़ीबोड़ थाना प्रभारी कैलाश मरई ने बताया कि बाद में पतासाजी करने पर पता चला कि मृतक सोनेसरार निवासी 55 वर्षीय राधेलाल पिता बिसाहू राम है। पहले वह मलई डबरी के एक ढाबे में रसोईये का काम करता था। बताया जाता है कि राजनांदगांव से लेकर मलई डबरी चिचोला तक के ढाबे में वह कभी ज्यादा दिनों तक काम नहीं किया इसलिए पूरी तरह पता नहीं चल रहा कि किसी एक ढाबे में काम किया हो। आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी ढाबे में काम करते वक्त किसी से उसकी रंजिश हो गई तो या फिर अपने गांव क्षेत्र का कुछ मामला हो जिससे अज्ञात आरोपी मौका देखकर मृतक के सिर पर जानलेवा हमला कर उसे मौत की घाट उतार दिया। घटना 25 से 26 फरवरी की मध्यरात्रि 8 बजे से लेकर सुबह 9 बजे के बीच बताई जाती है। एक अधेड़ की सिर कुचली। रक्त रंजित लाश मिलने से मलइ डबरी क्षेत्र में सनसनी का माहौल बन गया था। फिलहाल पुलिस उस अज्ञात आरोपी की पता साजी में जुटी हुई है। लाश की शिनाख्त हो जाने से मरच्चुरी ने रखे शव को पंचनामा कर उसके परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सौंपा जाएगा।

कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

जनदर्शन में जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने अपनी समस्याओं को सीधे रखा कलेक्टर के समक्ष

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में 26 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार लोगों की सुविधा के लिए अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालयों, जनपद पंचायत कार्यालय, नगरीय निकायों के कार्यालयों में जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशन में जिला अधिकारियों द्वारा जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही त्वरित निराकरण की दिशा में सार्थक कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल को आज जनदर्शन में शांति नगर राजनांदगांव निवासी श्रीमती मनीषा नेताम ने अपने पति की मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से बीमा की राशि भुगतान दिलाने के लिए आवेदन किया। श्रीमती मनीषा नेताम ने बताया कि उनके पति का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा था। जिसके तहत वे लगातार बीमा की राशि भुगतान करती थी, किन्तु पति की मृत्यु के पश्चात बीमा की राशि नहीं मिलने पर आवेदन किया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस मामले की जांच कर निराकरण करने के लिए लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खैरझिटी निवासी मदन लाल गहने ने अपने पुत्र की सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्राप्त आवेदन पर शीघ्र निराकरण के लिए एसडीएम राजनांदगांव को निर्देशित किया। इसी तरह काशीनगर पेण्ड्री वार्ड 20 राजनांदगांव के निवासियों ने पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवेदन किया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला के निवासियों ने शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में शौचालय अति जर्जर होने पर बच्चों के लिए नये शौचालय निर्माण के लिए आवेदन दिया गया। कलेक्टर ने सीईओ डोंगरगांव को संबंधित आवेदन पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम खुड़मुड़ी निवासी भूषणलाल वर्मा ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अंतर्गत मुर्गी शेड निर्माण की राशि भुगतान के लिए आवेदन किया। ग्राम खैरा निवासी चोवाराम ने बकरी शेड निर्माण और तिलोचन कुमार ने पशुशेड निर्माण की राशि भुगतान के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने सीईओ डोंगरगढ़ को इस मामले को सौंपते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सांकरी की श्रीमती पूर्णिमा साहू और खिलावन साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की निगरानी एवं देखरेख में प्राथमिकता से जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इससे जनसामान्य को अपनी समस्या से निजात मिलने में सार्थक साबित हो रही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं को शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

अग्निवीर थल सेना पंजीयन हेतु 28 फरवरी से महाअभियान

जिला पंचायत सीईओ ने अग्निवीर भर्ती हेतु अधिकारियों की बैठक ली, जिले के 1418 युवाओं ने भर्ती के लिए दिखाई दिलचस्पी

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीर थल सेना में भर्ती के लिए युवा अग्निवीरों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सभी विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, क्रीड़ा अधिकारी, आईटीआई, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, जिला मिशन समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयकों की बैठक ली गई। इस दौरान वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अन्य अधिकारी भी जुड़े रहे।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने अग्निपथ स्कीम के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी। अग्निवीर थल सेना में पंजीयन के लिए 1418 इच्छुक युवाओं ने गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अग्निवीर थल सेना पंजीयन के लिए 28 फरवरी को महाभियान चलया जाएगा। सभी युवा अलग-अलग विकासखंडों एवं विभिन्न ग्रामों से है। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में टीम का गठन कर युवाओं का चिन्हांकन करने कहा। ग्राम पंचायत के सचिव, संकुल समन्वयक, प्राचार्य महाविद्यालय, हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को अग्निवीर थल सेना में भर्ती के पंजीयन के लिए युवाओं का सहयोग करने निर्देशित किया। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि यदि कोई युवा राशि के अभाव में पंजीयन करने में असमर्थ हैं, तो वह अपने पंचायत से संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। इसके साथ ही युवा अपने स्कूल, पंचायत में संपर्क ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए चार स्थान तय किया गया है। परीक्षा के दौरान युवा हायर सेकेंडरी स्कूल, महाविद्यालय फॉर्म भर सकेंगे। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा तथा नजदीकी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन में किसी भी प्रकार की तकनीकी दिक्कत आने पर जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

स्कूलों से एक शिक्षक को स्कूल अवधि में अग्निवीर थल सेना में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने कहा गया है। उन्होंने सचिवों को पंजीयन के लिए युवाओं से संपर्क एवं चिन्हांकन कर स्कूलों तक लाने कहा। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्यों से महाविद्यालय में परीक्षा के उपरांत युवाओं का पंजीयन कराने कहा। इसके पश्चात भी युवा भर्ती के लिए नजदीकी लोक सेवा केंद्र में न्यूनतम 30 रूपए शुल्क देकर पंजीयन करा सकते हैं। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com